दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी

आप सभी को अमन लेखनी परिवार की तरफ से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

वर्ष : 12 | अंक : 232 | लखनऊ, 15 अगस्त, शनिवार 2026 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 2.00 रुपए






## खबर संक्षेप

### गड्ढों का विरोध करने के लिए एस्ट्रोनॉट बने लोग



जयपुर। जयपुर में गोकुलपुरा में2 एस्ट्रोनॉट कोई और नहीं, बल्कि वहीं रहने वाले लोग थे, जिन्होंने प्रदर्शन के लिए अनोखा रास्ता अपनाया था। वार्ड 46 और 47 के लोगों ने प्रताप सर्कल रोड पर विरोध प्रदर्शन किया। दो प्रदर्शनकारी एस्ट्रोनॉट की तरह कपड़े पहन कर आए थे और सड़क पर पानी से भरे गड्ढों में जाकर खड़े हो गए।

### अदालत ने राहुल के खिलाफ समन रद्द किया



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने वीर सावरकर पर की गई टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ लखनऊ की अदालत में चल रही आपराधिक शिकायत और समन की कार्रवाई को 14 अगस्त को पूरी तरह रद्द कर दिया है। मामले में मुकदमा चलाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की जरूरी कानूनी मंजूरी नहीं ली गई थी।

### पूर्व टीएमसी विधायक को पीटा, अंडे भी फेंके



कोलकाता। आरजी कर अस्पताल की दुष्कर्म-हत्या पीड़िता की कथित जल्दबाजी में अंत्येष्टि का मामला गरमा गया है। गिरफ्तार पूर्व टीएमसी विधायक निर्मल घोष पर उत्तर 24 परगना जिले में भीड़ ने हमला कर दिया। पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बावजूद लोगों ने उन्हें लात-घूंसों से पीटा। जूते, अंडे और कीचड़ भी फेंका।

## सूचना

सभी पाठकों एवं संवाददाताओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 15/08/2026 को अमन लेखनी कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में अवकाश रहेगा अगला अंक 17/08/2026 को प्रकाशित किया जाएगा

## प्रधानमंत्री ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर प्रभावितों को किया याद

# कई जिंदगियां तबाह कर दीं, परिवार उजड़े लोगों को अपनों को खोना पड़ा, पीड़ा झेली

### लोगों ने जीवन पुनर्स्थापित किया, विपरीत हालातों को उपलब्धियों में बदला

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर हम विभाजन से प्रभावित सभी लोगों के साहस को याद करते हैं। उन्होंने कहा कि इतिहास का वह एक ऐसा क्षण था जिसने कई जिंदगियां तबाह कर दीं, लोगों के परिवार उजड़ गए, कई लोगों को अपनों को खोना पड़ा और लोगों ने अत्यधिक पीड़ा झेली। ऐसी स्थिति में भी लोगों ने शून्य से शुरू कर अपना जीवन पुनर्स्थापित किया, विपरीत परिस्थितियों को उपलब्धियों में बदला और राष्ट्र की प्रगति में योगदान दिया। उन्होंने कहा कि इन लोगों का जीवन सभी को मानवीय जिजीविषा की शक्ति की याद दिलाता है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि यह दिन हमारे देश में सद्भाव और भाईचारा बनाए रखने तथा विकसित भारत के निर्माण की दिशा में सामूहिक रूप से काम करने के हमारे संकल्प को और मजबूत करे।प्रधानमंत्री ने उस भयावह दौर से उबरकर देश की प्रगति में अमूल्य योगदान देने वाले सभी देशवासियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने सभी से सद्भावना और एकजुटता की राष्ट्रीय भावना को और सशक्त करने का आह्वान किया।

इतिहास के क्षणों को याद किया



स्वतंत्रता आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी

### सद्भाव और भाईचारे के संकल्प को बढ़ाएं

पीएम मोदी ने कहा, विभाजन से प्रभावित सभी लोगों के साहस को हम याद करते हैं। इतिहास का वह क्षण कई जिंदगियों को तहस-नहस कर देने वाला था। इन पर विजय प्राप्त करते हुए विपत्ति को सफलता में परिवर्तित किया। राष्ट्र की प्रगति में अमूल्य योगदान दिया। उनकी जीवन यात्राएं हमें मानवीय जिजीविषा की शक्ति की याद दिलाती हैं। आशा है कि यह दिन हमारे देश में सद्भाव और भाईचारे को बनाए रखने के हमारे संकल्प को और मजबूत करेगा और हम सब मिलकर एक विकसित भारत के निर्माण की दिशा में काम करेंगे।

### परिश्रम, उद्यम और समर्पित प्रयासों से सब कुछ संभव होगा

प्रधानमंत्री ने एक सुभाषितम साझा करते हुए इस बात पर बल दिया कि परिश्रम, उद्यम और समर्पित प्रयासों से ही विविध कलाएं, विज्ञान, तकनीकी कौशल, शिल्प तथा नवाचार विकसित होते हैं और सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इसलिए, किसी को भाग्य के भरोसे नहीं बैठना चाहिए बल्कि साहस, कर्मठता और निरंतर प्रयास के साथ अपने लक्ष्यों की ओर दृढ़ता से रहना चाहिए।

### मुख्यमंत्री योगी बोले




### तब मोदी प्रधानमंत्री होते तो भारत को कोई नुकसान नहीं होता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि यदि भारत की आजादी के समय नरेंद्र मोदी, भारत के प्रधानमंत्री रहे होते तो कोई भी भारत को नुकसान नहीं पहुंचा सका होता था। योगी ने यह भी कहा कि यदि सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसा व्यक्ति उस समय प्रधानमंत्री होता तो कोई भी भारत को खंडित नहीं कर पाता। मुख्यमंत्री ने देश के विभाजन और उस समय हुए नरसंहार के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। विभाजन की विभीषिका पर लखनऊ में योगी ने कहा कि ये वही हैं जो देश के विभाजन और इसके बाद हुए नरसंहार के लिए वास्तव में जिम्मेदार हैं।

### केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा

## बंटवारे का दंश इतिहास कभी नहीं भूल पाएगा



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 14 अगस्त, 1947 का दिन इतिहास के सबसे क्रूर अध्यायों में से एक का साक्षी है और देश के बंटवारे का यह दंश 'कांग्रेस की देन है' जिसे इतिहास कभी नहीं भूल नहीं पाएगा। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि अमानवीय पीड़ा सहते हुए लाखों लोगों को अपना जीवन गंवाना पड़ा और करोड़ों लोगों को घर, संपत्ति और अपनों को छोड़कर विस्थापित होना पड़ा। इस विभीषिका में प्राण गंवाने वाले और संघर्ष करने वाले सभी लोगों को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। मोदी सरकार 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के माध्यम से इस त्रासदी की स्मृतियों को युवा तक पहुंचा रही है।

## देश के नाम राष्ट्रपति मुर्मु का संबोधन

# 'सिंधु जल संधि' निलंबन को राष्ट्रीय हित में सही कदम कहा



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश को संबोधित किया। उन्होंने देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारत 2047 तक विकसित देश बनने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। अपने भाषण में उन्होंने देश की तरक्की, संविधान, विदेश नीति, सरदार पटेल, सिंधु जल संधि और सरकार की कई योजनाओं के बारे में बात की। न्याय व्यवस्था से जुड़े हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि संसाधनों की कमी के कारण किसी को न्याय से वंचित न रहना पड़े। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को पनाह देने वाले देश के साथ सिंधु जल संधि को निलंबित करना राष्ट्रीय हित में है।

### हर भारतीय देश की तरक्की में योगदान दे

उन्होंने कहा कि हर भारतीय को अपने सपनों को पूरा करने के साथ देश सर्वश्रेष्ठ बनाने में भी अपनी भूमिका निभानी चाहिए। देश की तरक्की में योगदान देना आजादी की असली कीमत है।

### हमारा संविधान जनता की भागीदारी पर टिका

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने मुर्मू ने कहा कि हमारा संविधान जनता की भागीदारी पर आधारित है। देश के लोग इस भावना को लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने इसे भारतीय लोकतंत्र की बड़ी ताकत बताया। राष्ट्रपति ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की भी बात की। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक हिंसा के कारण लाखों लोगों को अपना घर छोड़कर शरणार्थी बनना पड़ा। यह इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदी थी।

### देशहित में है भारत की विदेश नीति

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की विदेश नीति देश के हित को ध्यान में रखकर बनाई जाती है। आर्थिक सहयोग बढ़ाने और दूसरे देशों के साथ रिश्ते मजबूत करने भारत ने कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। ग्लोबल साउथ के देशों में भारत आगे बढ़कर काम कर रहा है। दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने पर्यावरण को बचाने की भी बात कही।

### 78 वीरता पुरस्कारों का ऐलान, 13 को मरणोपरांत

राष्ट्रपति ने रक्षा बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को 78 वीरता पुरस्कार देने की मंजूरी दी है। इनमें 13 मरणोपरांत दिए जाने वाले पुरस्कार शामिल हैं। वीरता पुरस्कारों में सात मरणोपरांत सहित 9कीर्ति चक्र शामिल हैं। इसके अलावा 1 शौर्य चक्र बार, 1 मरणोपरांत सहित 19 शौर्य चक्र, 5सेना पदक बार (वीरता), 5 मरणोपरांत सहित 36 सेना पदक (वीरता), 3 नौसेना पदक (वीरता) और 5 वायु सेना पदक (वीरता) शामिल हैं।

## झारखंड में भर्ती परीक्षाओं में धांधली

# सीबीआई जांच और परीक्षाएं रद्द कराने छात्रों का आमरण अनशन



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

रांची में जेपीएससी-जेएसएससी भर्ती परीक्षाओं में कथित धांधली, अनियमितताओं और पेपर लीक के विरोध में छात्रों का आंदोलन 20 से जारी है। छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो के नेतृत्व में रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में धरना और आमरण अनशन चल रहा है।

### 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान' में वसूली

झारखंड में 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' के सत्यापन और लाभ दिलाने के नाम पर साहिबगंज और उधवा प्रखंड में 200 से 1000 रुपए तक की अवैध वसूली के मामले सामने आए हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर काफी नाराजगी है। सत्यापन और फॉर्म पास कराने को रुपए वसूले जा रहे हैं। पैसे न देने पर गरीब महिलाओं के आवेदन और सत्यापन कार्य को जान-बूझकर लंबित रखा जाता है।

## एयर इंडिया सीईओ की दो टूक

# गलत काम करोगे तो चालकों को भुगतने होंगे गंभीर परिणाम

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैंपबेल विल्सन ने गुरुवार को कर्मचारियों को ईमानदारी से काम करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जब कोई न देख रहा हो, तब भी सही काम करें। विल्सन ने कर्मचारी यात्रा विशेषाधिकारों के दुरुपयोग सहित कई मुद्दों पर प्रकाश डाला। उन्होंने गलत काम करने के गंभीर परिणामों की भी चेतावनी दी। विल्सन की यह टिप्पणी एक टाउनहॉल बैठक के दौरान आई। यह मुख्य रूप से जनवरी 2022 में निजीकरण के बाद से विभिन्न उल्लंघनों के लिए करीब 1,000 लोगों की सेवा समाप्ति के संदर्भ में थी। लोग नियमों और विनियमों को खुद पर लागू नहीं मानते। गलत काम करने के अवसर कम होते जा रहे हैं। एयरलाइन ने निजीकरण के बाद से दुरुपयोग को रोकने और उससे निपटने के लिए प्रणाली और नियंत्रण लागू हैं।

## चमोली हादसे पर आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास मंत्री ने समीक्षा की

# लापता 3 लोगों की तलाश जारी, बारिश से टनल में फिर रिसाव होने से हो रही परेशानी

### अधिकारियों ने भी अपने स्तर की जांच शुरू की

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास मंत्री मदन कौशिक ने शुक्रवार को राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में जनपद चमोली के पीपलकोटी स्थित टीएचडीसी टनल में हुई घटना को लेकर संचालित राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने टनल में लापता व्यक्तियों की तलाश के लिए चलाए जा रहे सअभियान, घायलों के उपचार तथा घटनास्थल पर संचालित अन्य राहत कार्यों की विस्तृत जानकारी ली।



### टनल के अंदर पहुंचे सीएम धामी

### अस्पताल में घायलों से मिले मजिस्ट्रियल जांच के आदेश

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने घटनास्थल पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने टनल के अंदर जाकर रेस्क्यू अभियान की प्रगति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए। शेष तीन लोगों की तलाश जारी है। 7 लोगों की मृत्यु की सूचना है। धामी ने घायलों का हाल जाना और जांच के आदेश दिए।

## अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद बोले सुखबीर बादल

# दो बार हो चुका है हमला | जितना मर्जी जोर लगा लो लेकिन हम पंजाब का माहौल खराब नहीं होने देंगे


अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

शिरोमणि अकाली दल (बादल) के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। बादल पर गुरुवार को महाराष्ट्र के नांदेड़ में माता साहब गुरुद्वारे में हमला किया गया था और इसमें उनके हाथ में चोट आई थी। नांदेड़ में पत्रकारों से बातचीत में बादल ने कहा कि उन पर दो बार हमला किया जा चुका है और दोनों बार यह हमला पवित्र धार्मिक जगहों पर किया गया। बादल ने कहा कि कुछ लोग पंजाब का माहौल खराब करना चाहते हैं लेकिन अकाली दल का अध्यक्ष होने के नाते वह कतई ऐसा नहीं होने देंगे और उनके पिता प्रकाश सिंह बादल ने भी ऐसा ही किया था।

### वाहेगुरु के आदेश पर किया हमलाः सिंह

### अदालत ने 24 अगस्त तक पुलिस हिरासत में भेजा

सुखबीर बादल पर हमला करने वाले आरोपी निहंग सिख जसपाल सिंह को अदालत ने 24 अगस्त तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पुलिस अभी हमले की वजह पता नहीं कर सकी है। हमले को लेकर उसने पुलिस को बताया कि उसे (देव आदेश) वाहेगुरु से आदेश मिला था। बादल पर हमला महाराष्ट्र के नांदेड़ में मुगत स्थित गुरुद्वारा माता साहिब देवन जी में हुई, जब बादल गुरुद्वारे की सीढ़ियों से नीचे उतर रहे थे। जसपाल वहां 3 अन्य लोगों के साथ खड़ा था, इसी बीच उन्हें देखते ही कृपाण से उनपर हमला कर दिया, जिससे सुखबीर के हाथ में चोट लग गई।



## स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व वीरता और सेवा पदक का ऐलान

# पैरामिलिट्री फोर्स में सर्वाधिक सीआरपीएफ को मिले 86 पदक

### केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी की

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने वीरता और सेवा पदक का ऐलान करते हुए अधिसूचना जारी कर दी है। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों (पैरामिलिट्री फोर्स) में सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स को सबसे ज्यादा (86) पदक मिले हैं। अधिसूचना के अनुसार देश के सबसे बड़े अर्धसैनिक बल को 24 वीरता पदक, विशिष्ट सेवा के लिए 5 राष्ट्रपति पदक और सराहनीय सेवा के लिए 57 पद मिले हैं।



### दिनकरन ने अर्धसैनिक बल में लंबी सेवा दी

एस. दिनकरन पहले एसपीजी में रह चुके हैं। वर्तमान में वह चेन्नई के अवादी में सीआरपीएफ रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर चीफ हैं। दिनकरन ने पिछले तीन दशकों से अधिक समय तक अर्धसैनिक बल में सेवा की है। इसमें उन्होंने नक्सल विरोध ऑपरेशन के दौरान यूनिट्स की कमान संभाली है। सीआरपीएफ के इंटेलिजेंस और वीआईपी सुरक्षा विंग को लीड किया है। डीआईजी को उनकी लंबी और विशिष्ट सेवा, ईमानदारी के लिए दिया है।

### सीएपीएफ को मिले 20 पदक

लगभग 3 लाख 25 हजार कर्मियों वाली सीआरपीएफ देश की मुख्य आंतरिक सुरक्षा बल है। इसकी यूनिट्स मुख्य रूप से तीन क्षेत्रों में तैनात है। इनमें नक्सल विरोधी ऑपरेशन, जम्मू कश्मीर में आतंकवाद रोधी कार्य और पूर्वोत्तर राज्यों में उग्रवाद विरोधी ड्यूटी शामिल है। बीएसफ यानी बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स को 1, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) को 20 पदक से सम्मानित किया गया है।

### 11 अधिकारी भी होंगे सम्मानित

केरल पुलिस, अग्निशमन और बचाव सेवा, तथा कारागार एवं सुधार सेवाओं के 11 अधिकारियों को विभिन्न पुलिस और अग्निशमन सेवा पदकों के लिए चुना गया है। सहायक स्टेशन अधिकारी राजेंद्रन नायर और सेबेस्टियन जोसेफ एन. को भी सराहनीय सेवा पदक के लिए चुना गया है।

# डॉ. राजेश्वर सिंह की 20 किमी लंबी तिरंगा यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

## डॉ. राजेश्वर सिंह के आह्वान पर GEN-G युवाओं ने भरी राष्ट्रप्रेम की हुंकार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। हर हाथ में तिरंगा, हर दिल में हिंदुस्तान – इसी उद्घोष के साथ सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र राष्ट्रभक्ति के अभूतपूर्व रंग में रंग गया। माननीय विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह जी के नेतृत्व एवं संकल्प से प्रेरित यह तिरंगा यात्रा जन-आस्था और राष्ट्रप्रेम के अद्वितीय संगम के रूप में स्मरणीय बन गई। सेवा और समर्पण की इसी भावना के साथ माननीय विधायक जी निरंतर क्षेत्रवासियों के साथ खड़े रहते हैं 20 किलोमीटर की यह भव्य तिरंगा यात्रा एचपी पेट्रोल पंप (अशोक लीलैंड गेट नंबर-2) से प्रारंभ होकर वृंदावन योजना, तेलीबाग स्थित सार्वजनिक पार्क पर संपन्न हुई। भीषण गर्मी भी जनसैलाब के जोश को तनिक भी कम न कर सकी, और मार्ग के प्रत्येक बिंदु पर राष्ट्रप्रेम एवं उत्साह का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर श्री आर.पी. सिंह जी यात्रा के प्रारंभ से समापन तक निरंतर साथ बने रहे। उनकी प्रेरक उपस्थिति ने विशेष रूप से ऋील्ले युवाओं में अभूतपूर्व उत्साह का संचार किया।

### डॉ. राजेश्वर सिंह जी द्वारा आयोजित इस तिरंगा यात्रा के मूल में तीन गूढ़ संदेश निहित रहे

राष्ट्र प्रथम की भावना – तिरंगा इस सत्य का सतत स्मरण कराता है कि जाति, धर्म, क्षेत्र और भाषा की समस्त विविधताओं से ऊपर हमारी सबसे बड़ी एवं सर्वोच्च पहचान ₹भारतीय₹ होने की है। इसी एकात्म भाव को जन-जन तक पहुँचाना यात्रा का प्रमुख उद्देश्य रहा। बलिदान का स्मरण – यह यात्रा उन



अगणित स्वतंत्रता सेनानियों एवं वीर जवानों के सर्वोच्च त्याग एवं बलिदान के प्रति श्रद्धा-सुमन अर्पित करने का माध्यम बनी, जिनके अप्रतिम संघर्ष के फलस्वरूप आज तिरंगा स्वाभिमान एवं गौरव के साथ लहरा रहा है। एकता और युवा पीढ़ी में राष्ट्रभाव – तिरंगा यात्रा नई पीढ़ी को देश के गौरवशाली इतिहास, नागरिक कर्तव्य एवं राष्ट्रीय एकता की भावना से जोड़ने का सशक्त माध्यम सिद्ध हुई। ₹एक तिरंगा, एक राष्ट्र, एक संकल्प – भारत सर्वोपरि₹ के मूलमंत्र के साथ माननीय विधायक जी ने युवाओं में राष्ट्रभक्ति का संचार किया। यात्रा एचपी पेट्रोल पंप, अशोक लीलैंड गेट नंबर-2 से प्रारंभ हुई, जहाँ पूर्व सांसद रीना चौधरी एवं पूर्व पार्षद प्रत्याशी सतगुरु रावत ने यात्रा का स्वागत किया। आगे बढ़ते हुए जे.पी. लॉन पर पार्षद गीता देवी एवं महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना सिंह ने यात्रा में सहभागिता की, तत्पश्चात हाइडिल चौराहा पर व्यापार मंडल के ओम प्रकाश तथा नादरगंज में पार्षद राम नरेश रावत ने जनसैलाब का उत्साहवर्धन किया। अमौसी मेट्रो स्टेशन अंडरपास स्थित मंडल-1 कार्यालय पर मंडल अध्यक्ष के.के. श्रीवास्तव एवं समस्त मंडल टीम ने यात्रा का भव्य स्वागत किया, हेमू कालाणी चौराहे पर सिंधी समाज जबकि हिंदनगर हनुमान मंदिर पर पार्षद सौरभ सिंह मोनू ने यात्रा की अगवानी की। आशियाना स्थित शनि मंदिर पर पार्षद विमल तिवारी, व्यापार मंडल आशियाना एवं शिविता गोयल की उपस्थिति रही, तो लोक बंधु में पार्षद कौशलेंद्र द्विवेदी तथा पावर हाउस चौराहा पर पार्षद प्रतिनिधि कमलेश सिंह ने यात्रा में भाग लिया। दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर चौराहा पर मनीष शुक्ला एवं धर्मेंद्र सिंह ने यात्रा का स्वागत किया, इसके पश्चात खजाना चौराहा पर पार्षद हिमांशु अंबेडकर तथा एसएनडी-2 विनोद मौर्य ने जनसमूह का नेतृत्व किया। सालेह नगर में अमर लोधी एवं किसान यूनियन के सदस्यों ने यात्रा में सक्रिय सहभागिता निभाई, तो किला चौराहा स्थित प्रियम प्लाजा पर नामित पार्षद नेहा सिंह , युवा नेता सोनू रावत, महानगर कोषाध्यक्ष दिनेश पांडे, हिन्दू युवा नेता प्रदीप, अर्जुनगंज मंडल अध्यक्ष मोहित तिवारी तथा युवा नेता उमेश कश्यप की सराहनीय उपस्थिति रही। सरपोटगंज चौराहा पर मंडल अध्यक्ष रामकांत मिश्रा एवं मंडल टीम, तथा शनि मंदिर पर पार्षद के.एन. सिंह, पार्षद मनोज रावत एवं अमोद कुमार ने यात्रा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। यात्रा का समापन वृंदावन योजना, तेलीबाग स्थित सार्वजनिक पार्क पर हुआ, जहाँ पार्षद प्रतिनिधि संजीव अवस्थी, पूर्व मंत्री वीरेंद्र तिवारी, पूर्व कोऑपरेटिव चेयरमैन वीरेंद्र प्रताप सिंह एवं बहुमनेंद्र सिंह ₹मुन्ना₹ की गरिमामयी उपस्थिति में यात्रा भव्यता के साथ संपन्न हुई।

## संक्षेप

### घरेलू विवाद में पोते और पत्नी पर चाकू से हमला, रिपोर्ट दर्ज





अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बन्थरा थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम घरेलू विवाद के दौरान एक व्यक्ति ने अपने पोते और पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया। इस मामले में पीड़ित महिला ने बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बंथरा के रामचौरा गांव निवासी पीड़िता फूलमती के मुताबिक गुरुवार शाम करीब 7:15 से 7:30 बजे के बीच उनका पोता अपने दादा श्यामलाल के लिए खाना लेकर गया था। आरोप है कि इसी दौरान फूलमती के पति श्यामलाल ने किसी बात को लेकर पोते की पिटाई कर दी। पोते को बचाने के लिए फूलमती बीच-बचाव करने पहुंचीं तो आरोप है कि श्यामलाल ने चाकू से उन पर हमला कर दिया। बाद में उसकी बेटी बचाने पहुंची, तो आरोपी ने उसके साथ भी मारपीट की। आरोप है कि घटना के दौरान श्यामलाल ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। फिलहाल पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### होर्डिंग (फ्लेक्स बोर्ड) लगाते समय करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में बीती रात होर्डिंग (फ्लेक्स बोर्ड) लगाते समय करंट की चपेट में आने से एक मजदूर की खंबे से गिरकर मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का मुताबिक मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के मऊ गांव का रहने वाला आशीष गौतम उर्फ छोटू (35) ठेके पर फ्लेक्स बोर्ड (होर्डिंग) लगाने का काम करता था। आशीष गुरुवार रात करीब 10 बजे बिजनौर स्थित तहसील के पास खंभे पर चढ़कर फ्लेक्स बोर्ड लगा रहा था। तभी फ्लेक्स बोर्ड लगाते समय उसका हाथ अचानक बिजली के तार से छू गया।जिससे करंट का झटका लगने पर वह सिर के बल नीचे रोड पर आ गिरा और बुरी तरह घायल हो गया। गंभीर हालत में उसके साथियों ने आनन फानन उसे इलाज के लिए लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया और घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। लेकिन लोक बंधु अस्पताल में इलाज के दौरान आशीष की मौत हो गई। उधर सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी आरती के अलावा एक बेटा और एक बेटी है।

## महिला से अभद्रता, धमकी देने का मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज के सिसेंडी गांव में एक महिला से गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने एक नामजद समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया पुलिस मामले की जांच कर रही सिसेंडी गांव निवासी कीर्ति सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि शुक्रवार देर रात गांव निवासी मोहित बाथम अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ उनके घर के पास पहुंचा आरोप है कि सभी ने उनके और परिवार के सदस्यों के साथ अभद्रता करते हुए गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी इससे परिवार में दहशत का माहौल बन गया पीड़िता ने घटना की सूचना डायल-112 पर दी सूचना पर पुलिस मौके पर





पहुंची, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी वहां से फरार हो गए इसके बाद पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर लिखित तहरीर दी वही प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर नामजद आरोपी मोहित तथा तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपों की जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम जुटी हुई।

## निगोहां दुर्गा मंदिर में भंडारा, उमड़े श्रद्धालु

अमन लेखनी समाचार

निगोहां ।निगोहां कस्बे स्थित दुर्गा माता मंदिर में नई प्रतिमा की स्थापना के उपलक्ष्य में गुरुवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया सुबह वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजन-अर्चन के बाद आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर माता का आशीर्वाद लिया मंदिर परिसर को फूलों व आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया था भंडारे में श्रद्धालुओं को पूड़ी, सब्जी छोला,चावल, खीर व हलवा का प्रसाद वितरित किया गया इस दौरान भजन-कीर्तन का भी आयोजन हुआ, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम के आयोजक राजन गुप्ता व बेबी गुप्ता ने बताया कि प्रतिमा स्थापना के उपलक्ष्य में क्षेत्रवासियों की सहभागिता से भंडारे का आयोजन किया गया उन्होंने सभी अतिथियों



और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी मंदिर में धार्मिक आयोजन होते रहेंगे। भंडारे में समाजवादी पार्टी के 175 कैंट विधानसभा प्रत्याशी अमरपाल सिंह, पूर्व प्रधान निशु मिश्रा, विकास सिंह, राहुल गुप्ता, आईपी सिंह, शिव सिंह समेत क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे सभी ने माता के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की अमरपाल सिंह ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी सौहार्द और भाईचारे को मजबूत करते कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय युवाओं और महिला समिति का विशेष सहयोग रहा।

## डीसीएम की टक्कर से युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में गुरुवार रात तेज रफ्तार डीसीएम की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। इस मामले में मृतक के भांजे व सरोजनीनगर के दरोगा खेड़ा निवासी सत्यम उपाध्याय ने अज्ञात डीसीएम व उसके चालक के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सत्यम उपाध्याय का कहना है कि दरोगाखेड़ा स्थित प्रियदर्शिनी विहार कॉलोनी निवासी उसके मामा रजनीकांत तिवारी (30) आलमबाग स्थित एक दुकान पर अकाउंटेंट की नौकरी करते थे। रजनीकांत गुरुवार रात करीब 8:15 बजे आलमबाग की ओर से ऑटो से घर लौट रहे थे। इस दौरान वह सरोजनीनगर में कानपुर रोड पर अमौसी मेट्रो स्टेशन स्थित मस्जिद के पास चिल्लावां बाजार में सब्जी खरीदने के लिए ऑटो से नीचे उतरे, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने रजनीकांत को कुचल दिया और उन्हें रौंदते हुए निकल गई। बाद में मौके पर मौजूद राहगीरों ने रजनीकांत को गंभीर हालत में सरोजनीनगर सीएचसी पहुंचाया, जहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल सत्यम की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वाहन (डीसीएम) व उसके चालक की तलाश कर रही है।

## शराब के नशे में बेटे ने पिता की गर्दन पर चाकू से किया वार, हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के सिसेंडी के उत्तरगांव में शुक्रवार को शराब के नशे में धुत बेटे ने अपने ही बुजुर्ग पिता पर चाकू से हमला कर दिया घर में महिलाओं के सामने गाली-गलौज करने से मना करने पर नाराज बेटे ने पिता की गर्दन पर चाकू से वार कर दिया गंभीर रूप से घायल किसान को पहले निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया घटना के बाद आरोपी बेटा मौके से फरार हो गया। उत्तरगांव निवासी किसान बाबूलाल का बेटा शिव कुमार शराब पीने का आदी बताया जा रहा ग्रामीणों के अनुसार वह अक्सर नशे की हालत में घर पर हंगामा और गाली-गलौज करता शुक्रवार को भी वह शराब के नशे में घर में मौजूद मां, बेटी और बहू के सामने अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहा था। परिजनों के अनुसार बाबूलाल ने बेटे को समझाते हुए महिलाओं के सामने गाली-गलौज न करने की हिदायत दी इसी बात से नाराज होकर शिव कुमार ने घर में रखा चाकू उठाया और पिता की गर्दन पर ताबड़तोड़ वार कर दिया चाकू लगते ही बाबूलाल लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया चीख-पुकार सुनकर छोटा बेटा अजीत और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे उन्होंने गंभीर रूप से घायल बाबूलाल को मोहनलालगंज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। वही इंस्पेक्टर रामबाबू ने बताया कि घटना की जानकारी मिली घायल पक्ष की ओर से तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जाएगी।

## देशभक्ति की गूंज से सराबोर हुआ एसडीवी एकेडमी परिसर

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को रानीखेड़ा डेहवा स्थित एसडीवी एकेडमी परिसर में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) की ओर से आयोजित 'वंदे मातरम' थीम कार्यक्रम देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम का अनूठा संगम बन गया आईटीबीपी के जवानों और बैंड पार्टी की ओजस्वी प्रस्तुतियों ने पूरे परिसर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। देशभक्ति गीतों की मधुर धुनों और जवानों के अनुशासित प्रदर्शन ने उपस्थित बच्चों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों में राष्ट्रप्रेम का नया उत्साह भर दिया कार्यक्रम का आयोजन आईटीबीपी के डीआईजी आर.एस. चंदेल के नेतृत्व में किया गया आईटीबीपी बैंड ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए, जिनकी गूंज से पूरा परिसर ₹वंदे मातरम₹ और ₹भारत माता की जय₹ के



नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ जवानों का उत्साहवर्धन किया बच्चों और युवाओं ने भी पूरे जोश के साथ प्रस्तुतियों का आनंद लिया इस अवसर पर एसडीवी एकेडमी के प्रधान प्रबंधक एवं उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षक संघ के लखनऊ मंडल अध्यक्ष लवकुश यादव ने मुख्य अतिथि एवं आईटीबीपी के अधिकारियों का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा में दिन-रात तैनात जवानों का समर्पण पूरे राष्ट्र के लिए प्रेरणा का स्रोत है। ऐसे कार्यक्रम नई पीढ़ी में देशभक्ति, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम में आईटीबीपी के कमांडेंट पवन कुमार, डिप्टी कमांडेंट सतीश कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे वहीं विद्यालय की ओर से संतराम यादव, डॉ. आशीष कुमार, संदीप सिंह, सुजय, रितेश कुमार सहित समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि सीमा पर देश की रक्षा करने वाले वीर जवानों के साथ इस प्रकार के आयोजन समाज में राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता का संदेश देते बच्चों ने भी आईटीबीपी बैंड की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए जवानों के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

कार्यक्रम के अंत में एसडीवी एकेडमी परिवार ने आईटीबीपी के सभी अधिकारियों एवं जवानों के प्रति आभार व्यक्त किया विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी राष्ट्रभक्ति, सामाजिक जागरूकता एवं राष्ट्रीय मूल्यों को बढ़ावा देने वाले ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

## भूमि को दोबारा बेचने, बाउंड्रीवाल तोड़ने और जबरन कब्जा करने का किया प्रयास

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र के औरंगाबाद जागीर गांव में भूमि को दोबारा बेचने, बाउंड्रीवाल तोड़ने और जबरन कब्जा करने के प्रयास का मामला सामने आया है। इस मामले में प्रयागराज जिले के गोविंदपुर निवासी महिला शांति मौर्य ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को प्रार्थना पत्र देकर मामले की शिकायत की। शांति मौर्य के मुताविक वर्ष 2011 में उन्होंने बिजनौर के औरंगाबाद जागीर निवासी रामदेवी से गाटा संख्या 1248 में 6,000 वर्गफुट भूमि पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से खरीदी थी। पीड़ित शांति मौर्य का कहना है कि खरीद के बाद राजस्व अभिलेखों में उनका नाम दर्ज हुआ और उन्होंने भूमि पर करीब आठ फीट ऊंची बाउंड्रीवाल बनवा दिया। शांति मौर्य का कहना है कि वर्ष 2020-21 में रामदेवी के पुत्र विमल व प्रेमचन्द्र ने अर्जुन धानुक और मुकेश मौर्य के साथ मिलकर उनकी खरीदी भूमि को दोबारा बेच दिया।

आरोप है कि खरीदारों को भूमि दूसरे गाटा नंबर में स्थित बताकर गुमराह किया गया। पीड़िता का कहना है कि इसके बाद एक जून 2026 को भी आरोपियों ने उसी भूमि को खसरा संख्या 1242 और 1241 बताकर करीब 15 लाख रुपये में 9,000 वर्गफुट भूमि का अनुबंध कर दिया। महिला का आरोप है कि बाद में चार जून को आरोपी जेसीबी लेकर पहुंचे और रिवाल्वर व लाठी-डंडों के बल पर बाउंड्रीवाल तोड़ने के साथ ही सबमर्सिबल बोरिंग भी क्षतिग्रस्त कर दी और जमीन पर कब्जे का प्रयास किया।

पीड़िता का कहना है कि दोबारा बाउंड्रीवाल बनवाने पहुंचने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और रिवाल्वर दिखाकर वहां से चले गए। तब पीड़िता ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को पत्र देकर आरोपियों पर धोखाधड़ी, कूटरचना, आपराधिक षड्यंत्र, अतिक्रमण, संपत्ति क्षति और अवैध कब्जे के प्रयास समेत अन्य धाराओं में कार्रवाई की मांग करते हुए क्षतिग्रस्त बाउंड्रीवाल दोबारा बनवाने की मांग की।

फिलहाल उपमुख्यमंत्री के आदेश पर बिजनौर पुलिस ने विमल, प्रेमचन्द्र, अर्जुन धानुक, मुकेश मौर्य और अभिनव सहित अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## 12 वर्षीय बच्ची से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप



अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के लोनहा गांव निवासी महिला ज्ञान दुलारी ने पड़ोस में रहने वाले राजू और सूरज पर 12 वर्षीय बच्ची से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। ज्ञानदुलारी के मुताबिक उनकी इकलौती बेटी शुभी बुधवार शाम करीब 7:30 बजे घर से करीब 200 मीटर दूर अकेले टहल रही थी। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले राजू और सूरज पुत्र शत्रोहन गौतम ने बच्ची को चिढ़ाया। जब बच्ची ने इसका विरोध किया तो दोनों आरोपियों ने लात-घूंसों और डंडों से उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। यही नहीं आरोप है कि आरोपियों ने बच्ची को जान से मारने की धमकी देकर डरा दिया। इसके बाद बच्ची रोते और डरी सहमी हालत में घर पहुंची और घटना की जानकारी परिजनों को दी। बच्ची की मां ज्ञान दुलारी का कहना है कि आरोपियों की मारपीट से बेटी को गंभीर चोटें आई हैं। फिलहाल पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## 300 महिला पुलिसकर्मियों ने निकाली तिरंगा बाइक रैली

### पुलिस कमिश्नर ने कहा- हर बेटी को पढ़ने और आगे बढ़ने का मिले पूरा मौका

अमन लेखनी समाचार

कानपुर ,80वें स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले कानपुर में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण का संदेश देने के लिए तिरंगा बाइक रैली निकाली गई। रिजर्व पुलिस लाइन से निकली रैली में 200 बाइकों पर 300 महिला पुलिसकर्मियों ने हिस्सा लिया और महिलाओं को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने तिरंगा फहराकर रैली का शुभारंभ किया। तिरंगे रंग के गुब्बारों से सजी बाइकों और हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर महिला जवानों ने करीब पांच किलोमीटर तक रैली निकाली। रैली के दौरान प्रमुख स्थानों पर महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के लिए चलाई जा रही सरकारी



योजनाओं की जानकारी दी। महिला सुरक्षा, शिक्षा और आत्मनिर्भरता को लेकर जागरूकता फैलाने के साथ रैली में नारी सशक्तिकरण के नारे भी लगाए गए।

### इन स्थानों से होकर गुजरी बाइक रैली

एडीसीपी हेडक्वार्टर स्नेहा तिवारी ने बताया कि कानपुर पुलिस की ओर से महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना प्रमुख उद्देश्य है। शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पूर्व महिला सशक्तिकरण को लेकर कानपुर रिजर्व पुलिस लाइन से बाइक रैली का आयोजन किया गया।













































































## नगर पंचायत भगवंतनगर की ओर से

### समस्त नगर वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

पत्रांक:-मेमो/न0पं0भ0नगर/विज्ञा0/2026 दिनांक:-11.08.2026

विषय:-स्वच्छता अपील पर शुभकामना संन्देश के प्रकाषन के सम्बन्ध में।

महोदय,

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप अपने हिन्दी दैनिक के आगामी प्रकाशन में अध्यक्ष नगर पंचायत भगवन्तनगर की ओर से स्वतन्त्रता दिवस 2026 के उपलक्ष्य में समस्त नगर निवासियों को शुभकामना संदेश कम से कम अंक में मु0 5,000/- (रूपये पांच हजार रूपये/-) का प्रकाशन करके बिल दो प्रतियों में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करें।

1. नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।
2. कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही डालें।
3. सार्वजनिक स्थलों/नाली/सड़क आदि पर अतिक्रमण न करें।
4. सभी करों का भुगतान कर नगर पंचायत का आर्थिक सहयोग करें।
5. मार्ग प्रकाश उपकरणों से किसी प्रकार की छेड़-छाड़ न करें।
6. पालीथीन का प्रयोग न करें।
7. नलों को खुला छोड़कर पानी बेकार ने करें। जल अमूल्य है।
8. छः वर्ष से अधिक के बच्चों को विद्यालयों में प्रवेश अवश्य करायें।
9. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण अवश्य कराये।
10. नगर आपका है इसे स्वच्छ बनाने में अपना सहयोग करें।
11. जितना संभव हो सके अपने आस-पास वृक्ष एवं पौधे लगवायें और वातावरण को हरा भरा रखें।
12. अनावश्यक तरह के वृक्षों को न काटे, वृक्ष हमारी प्रकृति की अमूल्य धरोहर है।
13. निकाय के करों (जलमूल्य, गृहकर आदि) के करों का भुगतान समय-समय पर करते रहें।
14. डोर-टू-डोर कूडा उठाने वाले कर्मचारियों के गाडी में गीला कचरा हरे डस्टबिन में व सूखा कचरा नीले डस्टबिन में ही डालें।
15. स्वच्छ सर्वेक्षण 2026-27 में अपने भगवन्तनगर, उन्नाव को नं0 1 में लाने के लिए नगर को स्वच्छ रख कर अपना योगदान दें।

(आशीष कुमार शुक्ला)
अध्यक्ष
नगर पंचायत भगवन्तनगर















## सम्पादकीय

# कॉलेजों में रैगिंग पर जीरो टॉलरेंस जरूरी

रैगिंग को लेकर देश के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में कानून और नियमों की कमी नहीं है, अगर कमी है तो उनके प्रभावी पालन और जवाबदेही की। सूरत के सरकारी मेडिकल कॉलेज में फर्स्ट ईयर के रेजिडेंट डॉक्टर हर्ष पंड्या की मौत ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर शिक्षण संस्थानों में रैगिंग पर रोक कब लगेगी? डॉक्टर बनने आए युवा अगर अपने ही वरिष्ठों की प्रताड़ना से इस कदर टूट जाएं कि उन्हें जिंदगी खत्म करने जैसा कदम उठाना पड़े, तो यह पूरे संस्थागत तंत्र की गंभीर विफलता है। रैगिंग को अक्सर नए छात्रों से परिचय, अनुशासन या कॉलेज की 'परंपरा' के नाम पर सामान्य बनाने की कोशिश की जाती है, लेकिन जब यही कथित परंपरा मानसिक प्रताड़ना या शारीरिक उत्पीड़न में बदल जाए तो उसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। मेडिकल कॉलेज जैसे संस्थान, जहां छात्रों से भविष्य में दूसरों की जिंदगी बचाने की अपेक्षा की जाती है, वहां किसी जूनियर को भय और हिंसा के माहौल में रखना और भी गंभीर सवाल पैदा करता है। हर्ष पंड्या मामले में चार सीनियर छात्रों पर रैगिंग का आरोप लगा है। कॉलेज प्रशासन ने उन्हें छह महीने के लिए निलंबित किया, हॉस्टल खाली करने का आदेश दिया और एफआईआर भी दर्ज कराई। एचओडी और तीन फैकल्टी सदस्यों को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। यह कार्रवाई जरूरी है, लेकिन पर्याप्त नहीं। सवाल यह है कि अगर रैगिंग की शिकायत पहले भी की गई थी, तो समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं हुई? क्या संस्थान के जिम्मेदार लोगों ने संभावित खतरे का अंदाजा नहीं लगाया? वहीं, रैगिंग के उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक 2022 में 457 शिकायतें दर्ज हुई थीं। 2023 में यह संख्या 655 और 2024 में 758 हो गई। 2025 में 693 शिकायतें सामने आईं, जबकि 2026 में 22 जुलाई तक ही 520 मामले दर्ज हो चुके हैं। दूसरी ओर, नेशनल एंटी-रैगिंग हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों का आंकड़ा 2021 के 532 से बढ़कर 2025 में 1,369 हो गया। रैगिंग की समस्या को हल्के में नहीं लिया जा सकता। देश में यूजीसी के एंटी-रैगिंग नियम वर्ष 2009 से लागू हैं। वर्ष 2016 में संशोधित भी किया गया। कॉलेजों में एंटी-रैगिंग कमेटियां, हेल्पलाइन, शपथ-पत्र और जागरूकता कार्यक्रम जैसी व्यवस्थाएं भी मौजूद हैं। फिर भी शिकायतों का सामने आना बताता है कि नियम बनाना और उनका पालन कराना दो अलग बातें हैं। जूनियर छात्र तभी आवाज उठाएगा जब उसे यह भरोसा होगा कि शिकायत करने के बाद उसकी पहचान सुरक्षित रहेगी और उसके खिलाफ बदले की कार्रवाई नहीं होगी। कॉलेज प्रशासन को यह सुनिश्चित करना होगा कि शिकायत मिलते ही तत्काल जांच हो, पीड़ित को सुरक्षा मिले और दोषी पाए जाने वालों पर बिना किसी दबाव के कार्रवाई हो। साथ ही शिकायत को दबाने, नजरअंदाज करने या देर करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही भी तय हो। अब समय आ गया है कि हर कॉलेज और विश्वविद्यालय रैगिंग के खिलाफ वास्तव में जीरो टॉलरेंस अपनाए। शिकायत के बाद नहीं, शिकायत की आशंका से पहले व्यवस्था सक्रिय हो। दोषियों के साथ-साथ लापरवाह प्रशासन पर भी कार्रवाई हो और शिकायत तंत्र के साथ-साथ कॉलेज प्रशासन और शिक्षण संस्थानों की जवाबदेही तय हो। क्योंकि किसी छात्र की जिंदगी बचाने के लिए हमें उसकी मौत का इंतजार नहीं करना चाहिए। इसलिए, समय रहते सभी कॉलेजों और शिक्षण संस्थाओं को जागरूक होकर छात्र हितों के लिए आगे आना होगा, ताकि भविष्य में रैगिंग के कारण किसी भी छात्र की जान न जाए।

# महंगाई, मानसून और टैरिफ की चुनौती



आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद देश में महंगाई, आर्थिक स्थिति और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि से जुड़ी तस्वीर पेश की है। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई का अनुमान 5.0 प्रतिशत कर दिया है। खाद्य वस्तुओं के क्षेत्र में महंगाई में वृद्धि के संकेत हैं। जीडीपी की वृद्धि का अनुमान 6.7 प्रतिशत कर दिया गया है। खास तौर से रेपो रेट को लगातार चौथी बार 5.25 प्रतिशत के स्तर पर यथावत रखा गया है। वैश्विक आपूर्ति शृंखला में नए सिरे से व्यवधान आने की आशंका को देखते हुए भारत को घरेलू विनिर्माण पर अपनी निर्भरता बढ़ानी होगी।

इन दिनों देश में बढ़ती महंगाई, कमजोर मानसून और अमेरिका के बहुआयामी टैरिफ-वीजा संबंधी नई मुश्किलों पर प्रकाशित हो रही रिपोर्टें भारतीय अर्थव्यवस्था की चिंताएं बढ़ा रही हैं। हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद देश में महंगाई, आर्थिक स्थिति और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि से जुड़ी तस्वीर पेश की है। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2026- 27 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई का अनुमान 5.0 प्रतिशत कर दिया है। खाद्य वस्तुओं के क्षेत्र में महंगाई में वृद्धि के संकेत हैं। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि का अनुमान 6.7 प्रतिशत कर दिया गया है। खास तौर से रेपो रेट (वह ब्याज दर जिस पर बैंक रिजर्व बैंक से कर्ज लेते हैं) को लगातार चौथी बार 5.25 प्रतिशत के स्तर पर यथावत रखा गया है।

रिजर्व बैंक ने यह भी कहा है कि आने वाले दिनों में मानसून, अल नीनो और पश्चिम एशिया के संघर्ष की वजह से खाने-पीने की वस्तुएं और ईंधन महंगे हो सकते हैं। निसंदेह इस समय पश्चिम एशिया संकट और अमेरिकी प्रशासन की आर्थिक नीतियों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर चौतरफा दबाव देखने को मिल रहा है। हालिया रिपोर्टों के अनुसार, भारत को कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, माल ढुलाई संकट और व्यापारिक बाधाओं जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में प्रस्तुत ब्लूमबर्ग रिपोर्ट के मुताबिक पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और व्यापारिक अनिश्चितता के चलते जुलाई 2026 में भारत की आर्थिक गतिविधियां पिछले चार वर्षों के सबसे निचले स्तर पर आ गई हैं। यद्यपि भारत की आंतरिक आर्थिक बुनियाद मजबूत है, लेकिन युद्ध के कारण उत्पन्न वैश्विक जोखिम और कच्चे तेल की मुद्रास्फीति अर्थव्यवस्था की रफ्तार को प्रभावित कर सकती हैं। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान की रिपोर्ट के अनुसार ईरान युद्ध के चलते आपूर्ति शृंखला बाधित हुई है, जिससे उर्वरक और कृषि से जुड़ी वस्तुओं के आयात में लागत बढ़ी है। इससे ग्रामीण आय और कृषि विकास दर पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। साथ ही ऊर्जा गलियारों में जारी गतिरोध के कारण माल ढुलाई (फ्रेट) और बीमा लागत में भारी वृद्धि हुई है, जिससे भारत का व्यापार घाटा बढ़ रहा है और रुपये पर दबाव बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि इस समय अमेरिका से भी भारत के लिए तीन परिदृश्य नई चुनौतियां के रूप में दिखाई दे रहे हैं। एक, 25 जुलाई को अमेरिकी सीनेट में एच-1बी वीजा पर 3 साल तक रोक लगाने संबंधी एक नया और बेहद सख्त विधेयक पेश किया गया है। दो, 24 जुलाई से धारा 301 के तहत अमेरिका में भारतीय आयातों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लागू किया गया है। तीन, 1 अगस्त 2026 से अमेरिका के द्वारा आयात की जाने वाली भारत की जेनेरिक दवाओं पर चरणबद्ध तरीके से 200 प्रतिशत तक टैरिफ का ऐलान किया गया है। यह चिंता जनक है कि अमेरिकी सीनेट में 25 जुलाई को पेश किए गए एक नए विधेयक के तहत एच- 1बी वीजा जारी करने पर तीन साल की रोक लगाने का प्रस्ताव रखा गया है। इस कदम से अमेरिका जाने का सपना देख रहे भारतीय आईटी और तकनीकी क्षेत्र के पेशेवरों पर सीधा और बड़ा असर पड़ सकता है। वीजा



के लिए नए प्रस्तावों में 1,00,000 डॉलर (लगभग 85-95 लाख रुपये) तक का भारी-भरकम शुल्क और कठोर न्यूनतम वेतन मानदंड शामिल हैं। वीजा के लिए पारंपरिक रैंडम लॉटरी खत्म करके केवल उच्च वेतन और वरिष्ठ स्तर के कर्मचारियों को प्राथमिकता देने की तैयारी है। वीजा धारकों के आश्रितों और परिजनों पर भी कई तरह की पाबंदियां लगाने की चर्चा है। हालांकि, 1 लाख डॉलर की भारी फीस वाले प्रशासनिक आदेश पर अदालती रोक फिलहाल बरकरार है, फिर भी संसद में पेश इस नए विधेयक ने अनिश्चितता का माहौल बना दिया है। यदि यह कानून लागू होता है, तो भारतीय पेशेवरों और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के लिए चुनौतियां काफी बढ़ सकती हैं। गौरतलब है कि अमेरिका द्वारा 24 जुलाई से भारत समेत 17 देशों से आने वाले सामानों पर 10 प्रतिशत का टैरिफ लगाया गया है। शुरुआत में भारत पर 12.5 प्रतिशत शुल्क लगाने का प्रस्ताव था, जिसे घटाकर 10 प्रतिशत किया गया है। भारत द्वारा अपनी विदेश व्यापार नीति में सुधार कर जबरन मजदूरी से बने सामानों पर प्रतिबंध लगाने के कारण यह राहत मिली है। इसी परिप्रेक्ष्य में इन विभिन्न कारणों से एक बार फिर वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर बढ़ने लगा है। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के द्वारा जारी हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि पश्चिम एशियाई संकट और लॉजिस्टिक कीमतों में बढ़ोतरी का भारत की विकास दर पर प्रतिकूल असर होगा। ऐसे में एडीबी ने भारत के लिए इस वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पूर्व में निर्धारित की गई 6.9 प्रतिशत विकास दर को घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपनी रिपोर्ट में वर्ष 2026- 27 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान घटाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया है। आईएमएफ का मानना है कि ऊर्जा की ऊंची कीमतें भारत में आर्थिक चुनौतियां बढ़ा सकती हैं। हालांकि इस समय भारत आपूर्ति चुनौतियों से निपटने के लिए पहले से बेहतर स्थिति में है, फिर भी चालू वित्त वर्ष में देश की आर्थिक विकास दर को 7 प्रतिशत तक ले जाने के लिए रणनीतिपूर्वक नए आर्थिक उपायों के साथ आगे बढ़ना होगा। सरकार को 'सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन' के मंत्र को और अधिक आक्रामक ढंग से उपयोग में लाना होगा। वैश्विक झटके और तेल की बढ़ती कीमतों के बीच भारत को अपनी समष्टि-आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए अपनी रणनीतियों में बदलाव करना होगा। केंद्रीय बैंक को अब महंगाई को नियंत्रण में रखने के साथ-साथ विकास की गति को थमने से बचाना होगा। वैश्विक संकट के समय निजी निवेश में सुस्ती आना स्वाभाविक है। ऐसे में आर्थिक गतिविधियों को सहारा देने के लिए सरकार को अपने पूंजीगत व्यय को लक्ष्य के अनुरूप तेजी से कारगर बनाना होगा। बुनियादी ढांचा परियोजनाओं जैसे रेलवे, राष्ट्रीय राजमार्ग, नए बंदरगाहों और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में निवेश को प्राथमिकता देनी होगी। बुनियादी ढांचे में सरकारी निवेश बढ़ने से इस्पात, सीमेंट और निर्माण जैसे मुख्य क्षेत्रों में मांग बनी रहती है, जिससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर नए रोजगार पैदा होते हैं और अर्थव्यवस्था का चक्र घूमता रहता है। वैश्विक आपूर्ति शृंखला में नए सिरे से व्यवधान आने की आशंका को देखते हुए भारत को घरेलू विनिर्माण पर अपनी निर्भरता बढ़ानी होगी। उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन योजनाओं का दायरा बढ़ाकर उन क्षेत्रों को शामिल करना चाहिए जो आयात पर अत्यधिक निर्भर हैं। भारत को अपनी निवेश नीतियों को और अधिक सरल बनाकर वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करना होगा। अब बढ़ती आर्थिक चुनौतियों के बीच मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को भी ढाल बनाना होगा।

## सारा संसार



तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली स्थित सातवीं शताब्दी का रॉकफोर्ट उच्ची पिल्लयार मंदिर भगवान गणेश को समर्पित है, जिन्हें स्थानीय लोग पिल्लयार के नाम से जानते हैं। पौराणिक कहानियों के मुताबिक इसे भगवान राम के राज्याभिषेक की कथा और रावण की विभीषण की मूर्ति छिपाने में गणेश जी की अहम भूमिका से जोड़ती है। यह मंदिर तिरुचिरापल्ली के मनोरम दृश्यों में शामिल है।


## आनंद आपके भीतर है, खोजने की जरूरत नहीं



संकलित
दर्शन

कल्पना क्या है और सच्चाई क्या है! इसे समझने के लिए आपकी जड़ का मजबूत होना जरूरी है। सारी कल्पनाएं आपके अंदर हैं। यह कल्पना नहीं है, यह सच है। कल्पना में डूबना बड़ा आसान है, सच्चाई को जानना बहुत मुश्किल है। जिसको आप खोज रहे हैं, वह आपके अंदर है। उसे जानिए, पहचानिए, उसके साथ थोड़ा समय बिताइए, क्योंकि उसमें सबकुछ है। जो आपके भीतर है, वह है शांति। किसी चीज का न होना शांति नहीं है। किसी चीज का होना शांति है। जब मनुष्य खुद को जानेगा, खुद को समझेगा, तब उसके जीवन में शांति होगी। जैसे भोजन खा लेने पर भूख खत्म होती है, उसी प्रकार खुद को जान लेने पर तृष्णा मिट जाती है। शांति मिल जाती है। सोचें कि यह शरीर आपको क्यों मिला है? जिन तत्त्वों से शरीर बना है, वे सारे तत्त्व वहीं वापस चले जाएंगे जहां से ये आये थे। जिस तरह पानी, पानी में मिल जाता है। सारी चीजें प्रकृति में घुल जाएंगी। क्या समझते हैं आप कि जब बच्चा पैदा होता है तो इस धरती का वजन बढ़ता है! या जब कोई मर जाता है तो इस धरती का वजन कम होता है! वजन न तो बढ़ता है न कम होता है। क्योंकि जिन चीजों से आप बने हुए हैं वे तो अभी यहीं हैं। परंतु क्या आपने उस चीज को जाना, समझा जो आपके शरीर के अंदर है? इसे जान गए, पहचान गए, फिर आनंद ही आनंद है। आपका नाम आपके शरीर का नाम है। नाम कमाने से क्या होगा। नाम नहीं, ज्ञान कमाइये। आनंद कमाइए। ये आप अपने साथ ले जा सकते हैं।

## बहुत सारे काम के बदले एक को बेहतर करें



संकलित
प्रेरणा

पुराने समय में भारद्वाज मुनि थे। वे देवगुरु बृहस्पति के पुत्र थे। भारद्वाज बहुत सारा ज्ञान हासिल करना चाहते थे। उनकी सोच ये थी कि उन्हें संसार की सारी बातों का ज्ञान हो जाए। इसके लिए वे लगातार अध्ययन करते रहते थे। एक दिन बृहस्पति ने अपने पुत्र भारद्वाज से कहा कि पूरे संसार का ज्ञान वेदों में है। अगर तुम वेद पढ़ लोगे तो समझ लो कि तुमने पूरा ज्ञान हासिल कर लिया है। पिता की बात मानकर भारद्वाज वेद पढ़ने लगे। भारद्वाज मुनि की संकल्प शक्ति और पढ़ाई की एकाग्रता देखकर देवराज इंद्र प्रसन्न हो गए और वे भारद्वाज के सामने प्रकट हुए। इंद्र ने कहा कि मैं तुम्हारी लगन देखकर बहुत प्रसन्न हूं। तुम मुझसे कोई भी वर मांग सकते हो। भारद्वाज ने इंद्र से कहा कि संसार में ज्ञान बहुत सारा है, लेकिन मेरी उम्र बहुत कम है। कृपया करके मेरी उम्र सौ साल बढ़ा दीजिए। इंद्र ने भारद्वाज की उम्र सौ वर्ष और बढ़ा दी। भारद्वाज मुनि को ज्ञान हासिल करते-करते सौ वर्ष भी बीत गए। इसके बाद देवराज इंद्र ने उनकी उम्र सौ साल और बढ़ा दी। अगले सौ साल और बीत गए, लेकिन भारद्वाज को पूरा ज्ञान नहीं मिल सका। जब अगले 100 भी बीत गए गए, तब इंद्र भारद्वाज के सामने प्रकट हुए और बोले कि भारद्वाज सामने तीन पहाड़ हैं। क्या हम इन पहाड़ों से एक मुट्ठी मिट्टी लेकर इन पहाड़ों की व्याख्या कर सकते हैं? ये संभव नहीं है। ठीक इसी तरह संसार का ज्ञान है। संसार का ज्ञान अथाह है। किसी एक व्यक्ति के लिए पूरा ज्ञान हासिल करना संभव नहीं है।

## श्रद्धा

शान्तनु शुक्ला



# सावन में ही क्यों बरसती है महादेव की विशेष कृपा

सावन का महीना आते ही पूरा देश शिवमय हो उठता है। मंदिरों में हर-हर महादेव के जयघोष गूंजते हैं, कांवड़ यात्राओं में आस्था का सैलाब उमड़ता है और करोड़ों श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हैं। लेकिन सवाल यह है कि आखिर सावन को भगवान शिव का सबसे प्रिय महीना क्यों माना जाता है? सनातन परंपरा में सावन को भगवान शिव की आराधना, तपस्या और आत्मशुद्धि का विशेष काल माना गया है। समुद्र मंथन की पौराणिक कथा में जब हलाहल विष निकला और उससे समस्त सृष्टि पर संकट मंडराने लगा, तब भगवान शिव ने लोककल्याण के लिए उस विष को अपने कंठ में धारण कर लिया। मान्यता है कि विष की उष्णता को शांत करने के लिए देवताओं ने भगवान शिव पर जल अर्पित किया। इसी भाव से शिवलिंग पर जलाभिषेक की परंपरा का विशेष महत्व जुड़ा हुआ है। सावन प्रकृति के नवजीवन का भी प्रतीक है। वर्षा से धरती की तपन शांत होती है और चारों ओर हरियाली छा जाती है। भगवान शिव का संबंध स्वयं प्रकृति, पर्वतों, वनों और समस्त जीव-जगत से माना जाता है। इसलिए सावन और शिव आराधना का संबंध प्रकृति और आध्यात्मिकता के अद्भुत संगम को दर्शाता है। सावन का संबंध माता पार्वती की कठोर तपस्या से भी जोड़ा जाता है। मान्यता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तप किया था। इसलिए इस महीने शिव-पार्वती की आराधना को विशेष महत्व प्राप्त है। सावन भक्तों को यह संदेश देता है कि सच्ची श्रद्धा के साथ किया गया तप, धैर्य और समर्पण जीवन को नई दिशा दे सकता है। वास्तव में शिवलिंग पर चढ़ाया जाने वाला जल केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि एक गहरा आध्यात्मिक संदेश है। जल मनुष्य के भीतर की तपन को शांत करने का प्रतीक है। जब भक्त शिवलिंग पर जल चढ़ाता है, तो वह प्रतीकात्मक रूप से अपने क्रोध, अहंकार, लोभ और नकारात्मक विचारों को भी महादेव के चरणों में समर्पित करता है। शिव आराधना का अर्थ केवल मंदिर जाना नहीं, बल्कि शिव के गुणों को अपने जीवन में उतारना भी है। त्याग, तप, संयम, करुणा, सरलता और लोककल्याण-यही शिवत्व के मूल भाव हैं।



## सटाका




## आज की पाती

### एनटीए से छात्रों की अपेक्षाएं


राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था एनटीए से अभ्यर्थियों की अपेक्षा केवल निष्पक्ष परीक्षा की नहीं होती, बल्कि पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता की भी होती है। प्रश्नपत्र, रिकॉर्डेड रिस्पॉन्स, प्रोविजनल उत्तर कुंजी, आपत्ति दर्ज करने का अवसर, अंतिम उत्तर कुंजी और परिणाम- इन सभी चरणों की स्पष्ट जानकारी उम्मीदवारों को समय पर मिलनी चाहिए। यदि किसी प्रश्न या परीक्षा को लेकर जांच चल रही है तो उसकी जानकारी भी आधिकारिक रूप से दी जानी चाहिए। इससे अफवाहों और सोशल मीडिया पर चल रही अटकलों पर रोक लगेगी। आज के डिजिटल युग में एक संक्षिप्त आधिकारिक सूचना जारी करना कठिन नहीं है। छात्रों की सभी अपेक्षाएं पूरी की जानी चाहिए।

*- सपना कुमारी, करनाल*

## करंट अफेयर

### कोलंबिया भूकंप: शोध में सामने आईं इमारतें ढहने की वजहें

कोलंबिया के चौको प्रांत में सैन जोस डेल पालमार के पास आए शक्तिशाली भूकंप के बाद स्थानीय लोग और अधिकारी बड़े पैमाने पर बचाव एवं राहत अभियान में जुटे हैं। इस भूकंप से काली, मैनिजालेस और पेरेइरा शहरों में भारी नुकसान हुआ है। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, 7.4 तीव्रता का यह भूकंप मुख्य रूप से स्ट्राइक-स्लिप भ्रंश (फॉल्ट) के कारण आया। सरल शब्दों में, इस तरह के भूकंप में धरती की पपड़ी के दो हिस्से एक-दूसरे के ऊपर या नीचे जाने के बजाय क्षैतिज दिशा में खिसकते हैं और आपस में टकरा जाते हैं। यह घटना वेनेजुएला में भूकंप आने के करीब एक महीने बाद हुई है।



## ऑफ बीट

### कुत्ते पढ़ सकते हैं आपका दिमाग और चेहरा

जब आप रोते हैं तो आपका कुत्ता अपना सिर झुका लेता है, जब आप तनाव में होते हैं तो इधर-उधर टहलता है, और आपके सबसे बुरे पलों में किसी न किसी तरह आपके पास होता है। यह महज संयोग तो नहीं हो सकता। हजारों सालों के सह-विकास ने कुत्तों को हमारी आवाजों, चेहरों और यहां तक कि मस्तिष्क के रसायन विज्ञान को समझने के खास तरीके दिए हैं। हमारी बातचीत को समझने वाले मस्तिष्क के क्षेत्रों से लेकर हमारी नजरें मिलाने पर बढ़ने वाले 'लव हार्मोन' या ऑक्सीटोसिन तक, आपके कुत्ते का दिमाग आपकी भावनाओं को समझने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस असाधारण भावनात्मक बुद्धिमत्ता का प्रमाण मस्तिष्क में ही शुरू होता है।



## ट्रेंड

### शहद एक्सपोर्ट




पहली बार, त्रिपुरा से दुबई। मीट्रिक टन सरसों का शहद एक्सपोर्ट किया गया है। यह खेप हमारे नॉर्थ-ईस्ट के मधुमक्खी पालकों को इंटरनेशनल मार्केट से जोड़ती है, जिससे हमारे किसानों की आमदनी बढ़ेगी और इस इलाके के एग्री-एक्सपोर्ट इकोसिस्टम के लिए नए रास्ते खुलेंगे।
- पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री

### सदन की गरिमा



गृहमंत्री अमित शाह छात्रों से जुड़े मुद्दे पर सदन में अपना पक्ष रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कांग्रेस और पूरे विपक्ष से यह उम्मीद की जाती है कि वे तथ्यों का सामना करें, सदन की गरिमा बनाए रखें और जवाब को पूरा सुनें। लोकतंत्र में बहस से प्रतिष्ठा बढ़ती है, न कि भागने से।
- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### अर्थव्यवस्था



क्या आलू के लिए किसान को '1 रुपये प्रति किलो' का दाम देने से '1 ट्रिलियन' डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगी? यह 'डील में ढिलाई' का नतीजा है। देश का किसान हैरान और परेशान है।
- अखिलेश यादव, सीएम, उप्र

### आकांक्षाओं के अनुरूप



हमारा मकसद झारखंड के अपने युवा साथियों की उम्मीदों और आकांक्षाओं के अनुरूप आगे बढ़ना है, और हम लगातार आगे बढ़ते रहेंगे। बीजेपी झूठ, धोखे और साजिशों का अपना पारंपरिक काम जारी रखेगी। - हेमंत सोरेन, सीएम, झारखंड





समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को
दैनिक अमन लेखनी समाचार पत्र एवं
अमन इंडिया न्यूज (AIN) की ओर से
राजकुमार सिंह चौहान
प्रधान संपादक
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
मनोज सिंह चौहान
सह प्रधान सम्पादक
रुद्र प्रताप सिंह
सम्पादक




आप सभी को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
डा० पुष्कर कटियार
(चिकित्सा अधीक्षक)
सामु०स्वा० केन्द्र अमौली–फतेहपुर
डा० नवीन सिंह
(चिकित्सा प्रभारी)
प्रा०स्वा० केन्द्र चांदपुर अमौली–फतेहपुर




आप सभी को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
डा० प्रशांत पाण्डेय (जिलाध्यक्ष)
विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन,उ०प्र०
जनपद फतेहपुर/जिला संगठन मंत्री,राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद
कार्यरत-कम्पोजिट विद्यालय,देवरी बुजुर्ग अमौली,फतेहपुर




आप सभी को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
प्रकाश चन्द्र (बन्टू सोनकर)
प्रधान पति
शिव कुमारी सोनकर
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत अमौली–फतेहपुर




आप सभी को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
मनीषा शुक्ला
(प्रधानाध्यापिका)
प्राथमिक विद्यालय तारापुर
शिक्षा क्षेत्र–अमौली,फतेहपुर




आप सभी को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
दयाराम गौतम
(महामंत्री)
प्राथमिक शिक्षक संघ
अमौली,फतेहपुर




Affiliation No.:- 2133202
School Code:-71459
CHILDREN PUBLIC SCHOOL
LALAULI ROAD -BINDKI DISTT. - FATEHPUR
Affiliated to CBSE Board (10+2)
Streams offer - Science, Commerce & Humanities
From last 20 years only
Progressive School of Bindki
ADMISSION OPEN
Classes P.G. to XI
Excellent result of Board Classes.
Qualified , Dedicated and Inspiring staff.
Well furnished Classroom and Hostel.
Creating English atmosphere and providing quality Education with Competitive aptitude.
Well furnished & equipped Science, Robotics and Computer Labs.
CCTV monitoring in classroom and campus.
Weekly and monthly Test Series.
Conduction of monthly PTM.
Monthly career Counseling and Workshop.
Highly disciplined and moral value based Education.
Along with Academics major focus on Co-curricular activities and Sports.
Personal and intensive care on slow learner.
Audio'visual and playway method of teaching for tiny tots.
Scholarship facility for meritorious students in Sports & Academics.
"Sportskreeda" Academy open for all
PEEYUSH RAJAN
CLASS XII (98%)
DISTRICT TOPPER
NEET (RANK) - 3059
100% class 12th result with highest 98.0%
100% class 10th result with highest 96.0%
7706873020, 9838079612
TRANSPORT & HOSTEL (For Boys & Girls) FACILITY AVAILABLE
www.cpsbindki@gmail.com
www.cpsbindki.com
www.facebook.com/childrenpublicschool1/





आप सभी को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
अनुज सिंह उर्फ धीरू सिंह
(ग्राम प्रधान,मवई)
विकासखंड–अमौली,फतेहपुर





आप सभी को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
अजय सिंह
(सीडीपीओ)
बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग
अमौली,फतेहपुर




आप सभी को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
सुरेश शिवहरे
खण्ड विकास अधिकारी
प्रवीण शुक्ला
खण्ड शिक्षा अधिकारी
विकास खण्ड अमौली,फतेहपुर

15 अगस्त
की
हार्दिक
शुभकामनाएं!
आओ मिलकर प्रण करें,
देश की शान, एकता और अखंडता
को सदैव बनाए रखें।
जय हिंद! जय भारत!
स्वर्णिमा सिंह "सुंदर"
(प्रबंधक शौर्य किड्स प्ले स्कूल बिंदकी,
गायिका, कवियत्री,)

सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज
लंका रोड बिन्दकी फतेहपुर
आप सभी को
15 अगस्त
स्वतन्त्रता
दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
आइए !
हम सब मिलकर
भारत को सशक्त,
समृद्ध और महान
बनाएं !
SHISHU VATIKA
जय हिन्द
अध्यक्ष
अशोक मिश्र
प्रबंधक
डॉ एस के मिश्रा
कोषाध्यक्ष
ओम प्रकाश गुप्ता
प्रधानाचार्य
बलराम सिंह
जन-जन का हो एक ही नारा, भारत बने विश्व का सितारा !




हर घर तिरंगा अभियान
(9-17 अगस्त, 2026)
वन्दे मातरम्
मूंज के उत्पाद
ताला
शीशे के उत्पाद
जूट हैंगिंग
AI
BRAHMOS
व्हीट स्टॉक क्राफ्ट
शजर स्टोन क्राफ्ट
ट्राइबल क्राफ्ट
लकड़ी के उत्पाद
हैंडलूम
कारपेट
गौरा स्टोन
मेटल क्राफ्ट
सिरेमिक उत्पाद
टेक्सटाइल प्रिंटिंग
80वें
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
"जिनके त्याग एवं बलिदान से भारत स्वतंत्र एवं स्वाभिमानी बना,
स्वतंत्रता दिवस पर उन असंख्य शहीदों को
कोटि-कोटि नमन!
आज हमारा संकल्प बाबा साहेब डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर के दिए संविधान के अनुसार न्याय, समता तथा आत्मनिर्भरता पर आधारित समाज के निर्माण को अक्षुण्ण बनाए रखना है। मातृशक्ति, युवाशक्ति एवं अन्नदाताओं की सहभागिता से उत्तर प्रदेश $1 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनेगा और विकसित प्रदेश का मार्ग प्रशस्त होगा।"
-योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
जाति-पाति का भेद मिटाओ-मिलकर नवभारत बनाओ
विकास की गति अपार-डबल इंजन सरकार
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
लाइव प्रसारण
DD NEWS & Youtube.com/DDNEWS
UPGovtOfficial
CMOUttarpradesh
CMOfficeUP
मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076

# सरकार ने दो कर बढ़ा कर प्रजातंत्र पर दिया दबावः युवा नेता अनुज यादव

अमन लेखनी समाचार



चित्रकूट। जनपद के समाजवादी पार्टी के युवा नेता अनुराग यादव ने केंद्र सरकार पर मनमाना कर लगाने का लगाया आरोप। उन्होंने कहा कि वर्तमान में केंद्र सरकार राज्य सरकार प्रजातंत्र के ऊपर कर का दबाव बढ़ाती जा रही है। केंद्र सरकार ने डिजिटल युग में2000 से ज्यादा फोनपे में ट्रांसफर होने पर कर लगेगा साथ ही साथ ही किसान के अनाज का जब कंपनी पीसकर 1 किलो का पैकेट बचेगी तब सरकार 5 प्रति किलो टैक्स लगा दिया। वर्तमान में विश्व में 115 बैरल का तेल 70 बैरल आ गया जहां 30 रुपए 70 पैसे पेट्रोल में सरकार 110 रुपए प्रति लीटर कर ले रही है। सरकार के जीएसटी सहित 21 कर थे अब तो बढ़ करके 23 हो गए लगभग डेढ़ अरब प्रजातंत्र पर भारत सरकार का अंग्रेज जैसा कर लग गया। वर्तमान सरकार ने सरकारी कंपनियों को प्राइवेट क्षेत्र में दे दिया है वह कंपनी भी अब प्रजातंत्र पर महंगाई का वार कर रहे हैं। केंद्र सरकार व राज्य सरकार ने 1500 करोड़ मिलकर के अपने प्रचार प्रसार में खर्च कर दिया यह प्रजातंत्र का कर रूपी पैसा ही था। अब प्रधानमंत्री भारत को पूरे प्रजातंत्र में 20% प्रजातंत्र जो धनी है काट करके कहना चाहिए हे देश के 80% प्रजातंत्र आप मेरे गुलाम हो। समाजवादी पार्टी ने कहा कि देश का कर्ज कांग्रेस के समय से 6 गुना बढ़ चुका है और एक तरफ देश के विकास की झूठी गाथा गई जा रही हैं। अनुज यादव ने कहा कि सरकार जिस प्रकार से प्रजातंत्र के ऊपर कर लगाकर उसका बड़ा घोटाला मनमाना हो रहा है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार अपने चाहने वाले रिश्तेदार परिवार को विकास कार्य देखकर के बहुत बड़ा भ्रष्टाचार किया है। सरकार के दामाद कंपनी मालिकों ने मोबाइल रिचार्ज पर 15% पैसा बढ़ा दिया है जिससे मोबाइल धारक मजबूरी में रिचार्ज करा कर कंपनी को पैसा दे रहे हैं। पूर्व जिला अध्यक्ष अनुज यादव ने कहा कि ऐसी सरकार देश को कंगाल और बर्बाद कर देगी इसीलिए भाजपा का जन आधार हमारे जनपद में घट रहा है।

# स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति के रंग में रंगेगा सोनभद्र, जनपदभर में होंगे विविध कार्यक्रम

**प्रभात फेरी से होगा आगाज, सरकारी कार्यालयों व शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण; सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वास्थ्य शिविर, फल वितरण और शहीदों को किया जाएगा नमन।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने अवगत कराया है कि जनपद सोनभद्र में 15 अगस्त 2026 को 80वां स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास, गरिमा एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में मनाया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनपद एवं तहसील स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही नगर क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई, सरकारी भवनों की आकर्षक सजावट एवं प्रमुख स्थलों पर देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सरकारी भवनों एवं इमारतों को रात्रि में प्रकाशमान किया गया है तथा प्रमुख ऐतिहासिक इमारतों पर तिरंगा लाइटिंग गयी है। प्रातः 7:00 बजे प्रभात फेरी जनपद एवं तहसील स्तर पर प्रभात फेरी निकाली जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में विद्यालयों के छात्र-छात्राएं इसमें प्रतिभाग करेंगे। यातायात व्यवस्था एवं मार्ग को सुचारु रखने के लिए पुलिस विभाग द्वारा आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे। प्रातः 7:00 बजे कृ क्रॉस कंट्री रेस-तियरा स्टेडियम में क्रॉस कंट्री रेस आयोजित की जाएगी उप जिलाधिकारी सदर द्वारा इसका उद्घाटन किया जाएगा तथा जिलाधिकारी द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस से दो दिन पूर्व युवक मंगल दलों एवं महिला मंगल दलों की मिनी मैराथन भी आयोजित की जाएगी। प्रातः 8:00 बजे सरकारी एवं गैर सरकारी भवनों पर ध्वजारोहण होगा जनपद के समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी भवनों पर ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 10:15 बजे शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण जनपद के सभी विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ देशभक्ति एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। प्रातः 10:35 बजे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं वीरांगनाओं का सम्मान तहसील रॉबर्ट्सगंज एवं घोरावल में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की पत्नी को संबंधित उप जिलाधिकारी तहसीलदार द्वारा सम्मानित किया जाएगा। प्रातः 11:00 बजे जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में जिलाधिकारी की मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही जनपद के समस्त कार्यालयों एवं विद्यालयों में भी पौधरोपण किया जाएगा। दोपहर 12:00 बजे देशभक्ति गीतों का सांस्कृतिक कार्यक्रम राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, रॉबर्ट्सगंज में देशभक्ति गीतों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 01:30 बजे स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं मिष्ठान वितरण समस्त स्थानीय निकायों की मलिन बस्तियों में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे तथा अधिशासी अधिकारियों द्वारा मिष्ठान वितरण कराया जाएगा। दोपहर 2:00 बजे रोगियों को फल वितरण जिला चिकित्सालय सोनभद्र में भर्ती रोगियों को फल वितरित किए जाएंगे। दोपहर 2:00 बजे विद्यार्थियों को फल एवं मिष्ठान वितरण कस्तूरबा विद्यालय एवं राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों सहित अन्य संस्थाओं के सहयोग से विद्यार्थियों को फल एवं मिष्ठान वितरित किए जाएंगे। ध्वजारोहण के पश्चात दोपहर 12:00 बजे विशेष भोज समस्त राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों एवं कस्तूरबा विद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ विशेष भोज का आयोजन किया जाएगा। अपराह्न 3:00 बजे शहीदों को नमन परासी दुबे स्थित शहीद स्थल पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान एवं माल्यार्पण किया जाएगा। शहीद उद्यान में श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे। सायं 6:30 बजे कवि सम्मेलन से सजेगी शाम विवेकानंद प्रेक्षागृह, रॉबर्ट्सगंज में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान एवं राष्ट्रीय एकता, साम्प्रदायिक सौहार्द जैसे विषयों पर आधारित कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

# नगर अध्यक्ष ने निकाली तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के रंग में रंगा पूरा नगर

महराजगंज, जनपद के घुघली स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर अध्यक्ष संतोष जायसवाल के नेतृत्व में नगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में तिरंगा लेकर बड़ी संख्या में लोगों ने यात्रा में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और भारत माता के जयकारे लगाए। तिरंगा यात्रा नगर के हनुमान गढ़ी से रेलवे ढाला से सुभाष चौक चैन पुर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी।
























































## संक्षेप

### 'तिरंगा मेला' का आयोजन

**हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्वयं सहायता समूह ने लगाए स्टाल**

रायबरेली ,स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत सामुदायिक केंद्र, रतापुर में 'तिरंगा मेला, तिरंगा म्यूजिकल कॉन्सर्ट और तिरंगा प्रदर्शनी' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने अपने उत्पादों के स्टॉल लगाए। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने 15 अगस्त के लिए तिरंगे झंडे और रक्षाबंधन के लिए राखियां विशेष तौर पर तैयार कर बिक्री के लिए स्टॉल पर प्रदर्शित कीं। 'जय मां लक्ष्मी' समूह की मंजू ने बताया कि उनके समूह ने विभिन्न आकार के एक हजार तिरंगे झंडे तैयार किए हैं, जिनकी कीमत 15 रुपये से शुरू होती है। उन्होंने 'हर घर झंडा' अभियान के तहत झंडों की अच्छी बिक्री की उम्मीद जताई। वहीं, सुनीता ने रक्षाबंधन के लिए हाथ से बनी राखियां प्रस्तुत कीं, जिनकी कीमत 10 रुपये से 150 रुपये तक थी। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने बताया कि विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार की गई बायो-कम्पोस्ट खाद प्रत्येक ब्लॉक कार्यालय पर उपलब्ध है। जिसके 600 बैग बेचे जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि वे विभिन्न उत्पादों को बेचने के लिए प्रयास कर रहे हैं और उन्होंने स्वयं बच्चों के लिए चूड़ियां खरीदीं। इससे पूर्व, जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर देशभक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्होंने उपस्थित लोगों में उत्साह और राष्ट्रप्रेम का संचार किया। कार्यक्रम के दौरान, जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे स्वदेशी और हस्तनिर्मित उत्पादों की जानकारी ली, उनकी सराहना की और महिलाओं का उत्साहवर्धन करने के लिए उत्पादों की खरीद भी की।

### पिता के अंतिम संस्कार में बेटे और परिवार से मारपीट

**सौतेले भाइयों पर आरोप, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

शाहजहांपुर ,खुटार क्षेत्र में पिता के अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे बेटे और उसके परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि सौतेले भाइयों ने जमीन विवाद और पुरानी रंजिश के चलते यह घटना की। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खुटार थाना क्षेत्र के जसवंतनगर निवासी दिलीप कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पिता सुखलाल (पुत्र सुमेर) का 10 अगस्त को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। दिलीप अपने परिवार के साथ पिता के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए अपनी सौतेली मां सुमित्रा के घर पहुंचे थे। दिलीप के अनुसार, वहां उनके सौतेले भाइयों बीरवल, श्रीकेशन और राजाराम ने जमीन विवाद और पुरानी रंजिश को लेकर उनके और उनके परिवार के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।

# 108 शिवलिंगों पर हुआ दिव्य रुद्राभिषेक, जयकारों से गूंजा बाबा बलखंडेश्वर धाम

**परियर में शशांक शेखर सिंह के संयोजन में संपन्न हुआ भव्य धार्मिक आयोजन**

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सफीपुर क्षेत्र के प्रसिद्ध सिद्धपीठ बाबा बलखंडेश्वर धाम परियर में गुरुवार को आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। यहां 108 शिवलिंगों के साथ भव्य सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान का संयोजन जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शशांक शेखर सिंह ? के नेतृत्व में किया गया। आयोजन में जनपद उन्नाव के साथ-साथ आसपास के जिलों से भी हजारों श्रद्धालु पहुंचे। सभी भक्तों ने विधि-विधानपूर्वक भगवान शिव का जलाभिषेक किया और सुख-समृद्धि, शांति एवं क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की ।रुद्राभिषेक के दौरान पूरा धाम ₹हर-हर महादेव₹ और ₹बम-बम भोले₹ के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। वातावरण पूरी तरह शिवमय हो गया और श्रद्धालुओं के चेहरे पर भक्ति भाव साफ झलक रहा था। आयोजन को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा गया ।सनातन परंपरा में रुद्राभिषेक को सबसे पवित्र अनुष्ठानों में गिना जाता है। जल, दूध, दही, घी, शहद और बेलपत्र से शिवलिंग का अभिषेक करने से भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होते हैं। मान्यता है कि इससे जीवन के कष्ट दूर होते हैं, मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और घर-परिवार में सुख-शांति आती है। 108 शिवलिंगों पर एक साथ किया गया रुद्राभिषेक अत्यंत फलदायी माना जाता है। इस पावन अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, अनिल महाराज, समाजसेवी अंकित पांडेय सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। परियर चौकी प्रभारी अनिल कुमार राजपूतअपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे। पुलिसकर्मियों ने भीड़ नियंत्रण और शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई ।आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, बैठने और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी की गई थीं। कार्यक्रम के समापन के बाद शशांक शेखर सिंह ने स्वयं घर-घर जाकर श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों को प्रसाद वितरित किया। प्रसाद पाकर लोगों में उल्लास का माहौल रहा।

# राम राजा सरकार की नगरी ओरछा धाम के लिए रवाना हुआ कावड़ियों का जत्था

**ग्राम प्रधान नागर ने तिलक कर किया रवाना**

अमन लेखनी समाचार



गरौठा। ग्राम पंचायत नागर से कावड़ियों का जत्था राम राजा सरकार की नगरी ओरछा धाम के लिए रवाना हुआ। ग्राम प्रधान डॉ. अनुज कुमार द्विवेदी ने कावड़ियों को तिलक लगाकर मंगलमय यात्रा की शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। इस दौरान ढोल-नगाड़ों के साथ भक्तों का उत्साह देखते ही बना।

कावड़िए ओरछा धाम से जल लेकर सोमवार को नागर स्थित रामेश्वरम महादेव मंदिर पहुंचेंगे, जहां भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाएगा। कावड़ियों के रवाना होने के दौरान ग्रामीणों ने जयकारे लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया और सुखद यात्रा की कामना की इस मौके पर हर्ष कुमार, बृजपाल सिंह, दिनेश पटवा, मनोज शर्मा, मनीष महाराज, राजकिशोर, रामपाल, अशोक कुशवाह, भूरे कुशवाहा, संतोष पटवा, मंगली चौधरी, जगत चौधरी, अरविंद श्रीवास, सुनील गुप्ता, राजू शर्मा, दीपक शर्मा, संतोष नापित, छत्रसाल कुशवाह सहित सैकड़ों महिलाएं एवं बच्चे मौजूद रहे।

# शराब पीकर गाली-गलौज के बाद दो पक्ष भिड़े

**लाठी-डंडों और ईट से हमला, दोनों पक्षों के लोग गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार



देवरिया , रात करीब 9 बजे शराब पीकर गाली-गलौज करने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे और ईंट लेकर एक-दूसरे पर हमला करते नजर आए। घटना का वीडियो शुक्रवार दोपहर 1 बजे सामने आने के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया। वीडियो में मारपीट करते दिख रहे आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सुरौली थाना क्षेत्र के कतरारी गांव का है ।गाली-गलौज के बाद बढ़ा विवाद जानकारी के अनुसार, कतरारी गांव निवासी धीरज यादव और सुशील यादव का दूसरे पक्ष के ऋषिकेश, किशन समेत अन्य लोगों से विवाद हुआ था। आरोप है कि शराब के नशे में गाली-गलौज के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और विवाद मारपीट में बदल गया। लाठी-डंडों और ईंट से हमला वायरल वीडियो में दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे लेकर एक-दूसरे से भिड़ते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में एक युवक ईंट उठाकर दूसरे व्यक्ति पर कई बार हमला करने का प्रयास करता भी नजर आ रहा है। मारपीट के दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया ।दोनों पक्षों ने दर्ज कराया मुकदमाघटना के बाद दोनों पक्ष सुरौली थाने पहुंचे और एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने दोनों शिकायतों के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने उसमें दिखाई दे रहे लोगों की पहचान कर कार्रवाई की।

# बारिश के बीच 300 मीटर तिरंगे के साथ निकली भव्य तिरंगा यात्रा

**भारत माता के जयघोष से गूंजा झाँसी, स्वतंत्रता संग्राम के पात्रों ने बढ़ाया आकर्षण**

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव



झाँसी। संघर्ष सेवा समिति के आह्वान पर शुक्रवार को झाँसी में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। एसएम टावर, झोकन बाग से शुरू हुई यात्रा बारिश के बावजूद पूरे उत्साह के साथ आगे बढ़ी। यात्रा में 300 मीटर लंबा विशाल तिरंगा आकर्षण का केंद्र रहा, जिसे विभिन्न विद्यालयों के हजारों छात्र-छात्राओं ने हाथों में थामकर राष्ट्र की एकता और अखंडता का संदेश दिया। यात्रा में छात्र-छात्राएं रानी लक्ष्मीबाई, महात्मा गांधी, क्रांतिकारियों और भारतीय सैनिकों का स्वरूप धारण कर घोड़े व बग्घियों पर सवार होकर शामिल हुए। इससे स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास की झलक देखने को मिली। भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष से पूरा शहर गूंजता रहा। मार्ग में नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा एसएम टावर से गोविंद चौराहा, सैयर गेट, मिनर्वा चौराहा, रानी महल, बड़ा बाजार और सिंधी तिराहा होते हुए लक्ष्मी व्यायाम मंदिर पहुंची, जहां समापन हुआ। यात्रा में झाँसी सदर विधायक रवि शर्मा, पूर्व मंत्री रविन्द्र शुक्ला, सपा नेता अरविंद वशिष्ठ सहित जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं हजारों नागरिक मौजूद रहे। संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ. संदीप सरावगी ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य युवाओं को देश के गौरवशाली इतिहास से जोड़ना और अमर शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना है।

# नाबालिग के अपहरण-दुष्कर्म का आरोप

**लखनऊ और दिल्ली ले जाने की शिकायत; एसपी कार्यालय पहुंची पीड़िता**

अमन लेखनी समाचार



रायबरेली , शिवगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़की के अपहरण और दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी उसे जबरन लखनऊ और फिर दिल्ली ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया। थाने से कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए पीड़िता अपनी मां के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता के अनुसार, 7 अगस्त को वह घर में अकेली थी। इसी दौरान मोहम्मद असलम नामक युवक उसे डरा-धमकाकर जबरन अपने साथ ले गया। आरोप है कि वह पहले उसे लखनऊ ले गया। पीड़िता ने बताया कि लखनऊ में चारबाग स्थित एक होटल में आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद वह उसे दिल्ली ले गया, जहां भी उसके साथ दुष्कर्म किए जाने का आरोप है। पीड़िता के मुताबिक, दिल्ली में रहने के दौरान उसे पता चला कि आरोपी उसे बेचने की फिराक में था। घर के बाहर छोड़कर फरार हुआ आरोपी परिजनों की ओर से तलाश और फोन पर संपर्क किए जाने के बाद आरोपी 8 अगस्त को पीड़िता को वापस लेकर आया और उसके घर के बाहर छोड़कर फरार हो गया। पीड़िता की मां का आरोप है कि जब उन्होंने आरोपी और उसकी मां से घटना का विरोध किया तो उनके साथ लाठी-डंडों से मारपीट की गई।

# 2 घंटे की बारिश से शहर बेहाल

**मेन सड़क से कॉलोनियों तक भरा पानी, नाला ओवरफ्लो होकर सड़क पर बहा**

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर , करीब 2 घंटे से ऊपर जोरदार बारिश हुई। लगातार बारिश से शहर के अलग-अलग इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। कई मुख्य सड़कों पर पानी भर गया और कुछ समय के लिए सड़कें तालाब जैसी नजर आने लगीं। मुख्य सड़कों पर भरा पानी करीब एक घंटे में निकल गया, लेकिन सड़कों से जुड़ी गलियों में जलभराव की समस्या लंबे समय तक बनी रही स्थानीय लोगों के मुताबिक कई इलाकों में बारिश बंद होने के बाद भी 4 से 5 घंटे तक पानी जमा रहा। इससे लोगों को घरों से निकलने और आने-जाने में काफी परेशानी हुई।

### कई जगह बीच पानी में बंद हुई बाइक

जलभराव के कारण शहर की कई सड़कों पर वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। पानी अधिक होने के कारण कई लोगों की बाइक बीच सड़क पर ही बंद हो गई। इसके बाद लोगों को पानी में उतरकर अपनी बाइक धकेलकर बाहर निकालनी पड़ी।

### बारिश होने के बावजूद उमस बरकरार

नगर निगम के कई वार्डों में जलभराव की स्थिति देखने को मिली। खासकर मुख्य सड़कों से जुड़ी कॉलोनियों और गलियों में पानी की निकासी धीमी होने से लोगों को काफी देर तक परेशानी झेलनी पड़ी। विरासत गलियारा और आसपास की गलियों में भी जलभराव वार्ड 49 में बारिश के बाद जलनिकासी की समस्या सामने आई। यहां विरासत गलियारा और उससे जुड़ी गलियों में काफी देर तक पानी जमा रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्य सड़क की स्थिति बेहतर होने के बावजूद नालियों का बहाव ठीक नहीं होने से बारिश के दौरान समस्या बढ़ जाती है।

# डॉक्टर के 8वीं मंजिल से कूदकर सुसाइड करने का सीसीटीवी

**लिखा- मौत की जिम्मेदार ठग गरिमा; गोरखपुर में बेटी बोली- पापा लौट आओ**

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर , मेरी मौत की जिम्मेदार गरिमा सिंह और उसका गिरोह सुबह यह लाइन एक कागज पर लिखकर डॉ. परमात्मा सिंह ने सुसाइड कर लिया। वह सुबह 9:10 बजे अपने फ्लैट से निकले। सुसाइड नोट को पैंट की दाएं जेब में डाला और तेजी से पहले नीचे पार्क में गए। करीब 9:13 बजे पार्क से बेसमेंट की तरफ गए, वहां से लिफ्ट से 8वीं मंजिल पर पहुंचे। फिर सीढ़ियों के सहारे छत पर गए। इस दौरान वह कहीं एक बार भी नहीं रुके। सीधे छत पर जाकर 8वीं मंजिल से नीचे कूद गए। वह सिर के बल गिरे, 2 बार पलटकर फिर सीधे हो गए और वहीं पर तड़पकर दम तोड़ दिया। बसंत एनक्लेव अपार्टमेंट के सीसीटीवी में ये घटना कैद हो गई। अपार्टमेंट के लोग उन्हें नजदीकी प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए। यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस तरह केवल 5 मिनट के अंदर उनके शरीर से प्राण निकल गए। बेटी स्कूल से आई तो रोकर बोली- पापा प्लीज लौट आओ। उधर, बहन बीच-बीच में चीखने-चिल्लाने लगती है। कहती है कि भाभी से वादा किया था, दो दिन पहले आ जाती तो भैया को समझाकर बचा लेती।

### बच्चे स्कूल से आए तो उन्हें बताया- बेटा तुम्हारे पापा अब नहीं रहे

घर से 500 मीटर दूर गोरखपुर हॉस्पिटल से डॉक्टर का शव अपार्टमेंट में लाया गया। यहां बेसमेंट में जमीन पर ही रख दिया गया। तभी सेकेंड फ्लोर से उनकी पत्नी डॉ. सुमित्रा सिंह रोते चीखते हुए आईं। डॉ. परमात्मा सिंह का बेटा अरिहंत सिंह (12) और बेटी पर्णिका सिंह उर्फ बिन्नी (7) दोनों को जल्दी-जल्दी स्कूल से बुलाया गया। घर पहुंचने पर बिन्नी ने पिता को जमीन पर लेटे देखा तो घबरा गई। उसे बताया कि उसके पिता अब इस दुनिया में नहीं रहे। यह सुनकर वह रोने लगी और बोली , ह्यपापा, प्लीज लौट आओ ।ह्न इसके बाद वह अपने बड़े भाई अरिहंत से लिपटकर रोने लगी।

पिता बोले- इतनी भीड़ क्यों लगी है

बेटे के घायल होने की सूचना मऊ में डॉक्टर के पिता पारसनाथ सिंह और मां पत्नी कुंती देवी को दी गई। अपार्टमेंट में जब वह आए तब उनके बेटे का शव पोस्टमॉर्टम के लिए जा चुका था। यहां भीड़ लगी हुई थी। पुलिस और भीड़ को देखकर पारसनाथ बोले कि इतनी भीड़ क्यों लगी है।

# गौशाला-केयर टेकर पर प्रति गाय 1500 रुपये मांगने का आरोप

**शाहजहांपुर में कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर किसानों ने की शिकायत**

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर ,ग्रामीणों ने एक गौशाला की केयर टेकर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों ने शुक्रवार दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा, जिसमें बताया गया कि गौशाला में गायों को रखने के बदले केयर टेकर 1500 रुपये की मांग करती है। आरोप है कि यदि रुपये नहीं दिए जाते हैं, तो गोवंश को गौशाला से छोड़ दिया जाता है। इससे ये गोवंश किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। ग्रामीणों के विरोध करने पर केयर टेकर ने उनके खिलाफ थाने में झूठी तहरीर भी दे दी। यह पूरा मामला थाना कलान तहसील के सैदापुर गांव का है। ग्राम पंचायत धनुआखेड़ा में एक गौशाला का निर्माण कराया गया है, जो वर्तमान में संचालित है। एक महिला इस गौशाला की केयर टेकर है। किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा ग्रामीणों का आरोप है कि केयर टेकर उनसे प्रति गाय 1500 रुपये लेती है। जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया, तो केयर टेकर ने कहा कि बिना पैसे लिए एक भी गाय को गौशाला के अंदर नहीं रखा जाएगा। आरोप है कि कुछ ग्रामीणों से रुपये लेकर गायों को गौशाला में भेजा गया, जिसका वीडियो भी उनके पास है। ग्रामीणों ने बताया कि केयर टेकर अपने संबंधियों की मदद से गायों को गौशाला से बाहर छोड़ देती है, जिससे वे खेतों में लगी फसल को नुकसान पहुंचाती हैं।

# पेट्रोल पंप पर कम पेट्रोल देने का आरोप

**ग्राहक ने हंगामा कर नाप कराई, पुलिस बुलाकर पीड़ित ने की शिकायत**

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर ,बंडा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे एक पेट्रोल पंप पर कम पेट्रोल देने का आरोप लगा है। एक बाइक सवार ग्राहक ने खुद पेट्रोल की मात्रा की जांच की, जिसमें कमी पाई गई। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी और थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। यह घटना शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे हुई, जब बाबा चंददास कॉलोनी के निवासी देवेश कुमार अपने वाहन में पेट्रोल डलवाने गए थे। आरोप है कि उन्होंने 240 रुपये का पेट्रोल खरीदा। प्रचलित दरों के अनुसार, उन्हें लगभग 2.34 लीटर पेट्रोल मिलना चाहिए था, लेकिन उन्हें केवल 1.85 लीटर पेट्रोल मिला, जिससे 0.49 लीटर की कमी पाई गई। माप-तौल विभाग द्वारा जांच की मांग देवेश कुमार को अक्सर कम पेट्रोल मिलने का संदेह था। इस बार उन्होंने पेट्रोल एक अलग डिब्बे में लिया और उसकी नाप कराई। नाप में कमी पाए जाने पर उन्होंने इसका वीडियो भी बनाया। इसके बाद उन्होंने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को बुलाया और थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। अपनी शिकायत में, उन्होंने घटना के समय के सीसीटीवी फुटेज, संबंधित पेट्रोल डिस्पेंसिंग मशीन की मीटर रीडिंग, बिक्री रिकॉर्ड और माप-तौल विभाग द्वारा जांच की मांग की है। इस मामले में जब जिंदल पेट्रोल पंप के मालिक से उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क किया गया, तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। वहीं बंडा थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश सिंह ने बताया कि उनके संज्ञान में मामला आया है लेकिन कोई लिखित तहरीर नहीं मिली है। वहीं कार्रवाई के संबंध में जब जिला पूर्ती अधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# वित्तमंत्री सुरेश खन्ना होमगार्ड्स की तिरंगा यात्रा में शामिल



अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर ,शुक्रवार दोपहर एक बजे वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने होमगार्ड विभाग द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा में भाग लिया। यह यात्रा 'वंदे मातरम' की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 'हर घर तिरंगा अभियान 2026' के तहत 14 अगस्त 2026 को निकाली गई थी। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में पहुंचे वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने भी 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारे लगाए, जिससे पूरा कार्यक्रम स्थल गूंज उठा। जिला कमांडेंट होमगार्ड्स लाल साहब यदुवंशी के नेतृत्व में निकाली गई इस यात्रा में 30 महिला होमगार्ड और 400 पुरुष होमगार्ड के जवान शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के तौर पर कारागार अधीक्षक जयप्रकाश तिवारी भी उपस्थित थे। यह यात्रा जीआईसी तिराहे से शुरू होकर सुदामा चौराहा, खिरनी बाग और बहादुरगंज से गुजरी। इसका समापन नगर निगम टाउन हॉल के पास स्थित शहीद अशफाक उल्ला खान, शहीद पं. राम प्रसाद बिस्मिल, शहीद ठा. रोशन सिंह और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रेम कृष्ण खन्ना की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करते हुए शहीद उद्यान टाउन हॉल पर हुआ। रैली के माध्यम से नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने तथा देश के प्रति कर्तव्य और समर्पण का संदेश दिया गया।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक- श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक - रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

## संक्षेप

### डिवाइडर से टकराकर गड्ढे में गिरी बेकाबू बस

**अयोध्या से रायबरेली जा रही थी, 4 लोग घायल; चालक हिरासत में**

अमेठी, जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र में रायबरेली-अयोध्या रोड पर मंगौली गांव के पास बीती रात एक निजी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जा गिरी। हादसे में बस सवार चार यात्री घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला और जगदीशपुर सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर है। जानकारी के अनुसार, बस संख्या यूपी 44 बीटी 7105 अयोध्या से रायबरेली जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मंगौली के पास बस तेज गति में थी। इसी दौरान चालक ने नियंत्रण खो दिया। बस पहले डिवाइडर से टकराई और इसके बाद सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जा गिरी।पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचायाहादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों और ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। जगदीशपुर पुलिस मौके पर पहुंची और बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालकर सीएचसी पहुंचाया। डॉक्टरों ने चार यात्रियों को मामूली चोटें आने की बात कही और सभी की हालत स्थिर बताई बस कब्जे में, चालक हिरासत मेकोतवाली प्रभारी धीरेंद्र यादव ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त बस को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। हादसा तेज रफ्तार के कारण हुआ या इसके पीछे कोई अन्य वजह थी, इसकी जांच की जा रही है।हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने रायबरेली-अयोध्या मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण की मांग की है। पुलिस ने वाहन चालकों से गति सीमा का पालन करने और यातायात नियमों का पालन करते हुए सावधानी से वाहन चलाने की अपील की है।

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकलीं रैलियां

**देशभक्ति के नारों से गूंजे शहर और गांव, 13-15 अगस्त तक झंडा फहराने की अपील**

अमेठी , हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने तिरंगा रैलियां निकालीं। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर विद्यार्थियों ने वंदे मातरम्, भारत माता की जय, जय हिंद और हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा के नारे लगाए। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने लोगों से 13 से 15 अगस्त के बीच घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने की अपील की। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को राष्ट्रध्वज के महत्व, स्वतंत्रता आंदोलन और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की जानकारी दी। छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता, सामाजिक सद्भाव, राष्ट्रीय एकता और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का संकल्प भी लिया। अभियान के जरिए लोगों से स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग को याद करते हुए हर घर तिरंगा अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की गई।

## स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति के रंग में रंगा रूपईडीहा, सीमा तक निकली भव्य प्रभात फेरी

**पूर्व ब्लाक प्रमुख रुपईडीहा डॉ. हरिश्चंद्र द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना**

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। स्वतंत्रता दिवस महोत्सव के क्रम में रूपईडीहा के राम जानकी संस्थान के तत्वावधान में शुक्रवार को आचार्य रमेश चंद्र गर्ल्स इंटर कॉलेज की ओर से भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। इसमें संस्थान से संबद्ध लॉर्ड बुद्धा कॉलेज ऑफ फामेर्सी के छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रभात फेरी में विद्यार्थियों ने भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृति एवं परंपराओं को आकर्षक वेशभूषा के माध्यम से प्रस्तुत किया। भगवान श्री राधा-कृष्ण, वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई सहित विभिन्न ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विभूतियों के रूप में सजे छात्र-छात्राओं ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। देशभक्ति नारों और उत्साह के बीच निकली प्रभात फेरी भारत-नेपाल सीमा तक पहुंची और इसके बाद वापस विद्यालय परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। प्रभात फेरी के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था में सशस्त्र सीमा बल (SSB) के रूपईडीहा पोस्ट के निरीक्षक अभिषेक एवं जवानों तथा थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र नाथ मिश्र और उनकी टीम का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय परिवार ने पुलिस एवं ररइ जवानों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के प्रधानाचार्य एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख हरिश्चंद्र, चेयरमैन डॉ. यशपाल तथा गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्या आशा सिंह विष्ट रूद्र सेन वर्मा ए पी श्रीवास्तव साकेत तिवारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिक्षक सीपी त्रिपाठी, सीबी मिश्रा, अतुल पाठक, विवेक सरोज, पुनीत अग्रवाल, पीके मिश्रा, नितेश शर्मा, आरएस विश्वकर्मा सहित लक्ष्मी, रोली, उपासना, कोमल, प्रज्ञा मैडम एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।प्रभात फेरी के माध्यम से विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति, सांस्कृतिक विविधता और स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग का संदेश दिया। विद्यालय परिवार ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन तथा भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करते हैं।

## रूपईडीहा में पेट्रोलपंप के सामने चार गोवंश के मिले शव, करंट से मरने की आशंका

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत रुपईडीहा में पेट्रोलपंप के सामने रोड के पार पश्चिम दिशा में चार गोवंशों के मृत शव मिलने से क्षेत्र में खलबली मच गई। कुछ स्थानीय लोगों ने उक्त गौवंशों को मृत अवस्था में देखा।स्थानीय लोगों के अनुसार बिजली के खंभे में करंट उतरने से चार गोवंश की मौत हो गई। घटना उस्मानी पेट्रोल पंप के सामने सड़क के नीचे पश्चिम दिशा की ओर की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने मौके पर चार पशुओं को मृत अवस्था में देखा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मृत पशुओं में तीन गाय और एक बैल शामिल हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि घटनास्थल के पास ही विद्युत पोल लगा हुआ है। आशंका जताई जा रही है कि विद्युत पोल में करंट उतरने के कारण उसके संपर्क में आने से चारों पशुओं की मौत हुई। स्थानीय लोगों के मुताबिक मृत गोवंश में शामिल गायें ग्राम सहाबा निवासी राम स्नेही की बताई जा रही हैं। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना रुपईडीहा थाने को दी। घटना के बाद क्षेत्र में लोगों में चिंता है। स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग से मौके पर जांच कर विद्युत पोल एवं आसपास की विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो।

## कतर्नियाघाट में बढ़ रहे वन्य जीवों के हमले, समाधान की तलाश में विभाग

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र में इन दिनों लगातार वन्य जीवों के हमले हो रहे हैं जिससे ग्रामीणों में दहशत है। प्रत्येक दिन कोई न कोई व्यक्ति वन्य जीवों के हमले का शिकार हो रहा है। वही वन विभाग भी ग्रामीणों की मांग पर पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने का प्रयास करता है इधर लगातार हमलों के साथ ही लगातार तेंदुए का पिंजरे में कैद होना भी आम बात हो गई है। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र में वन्यजीवों की बढ़ी संख्या जहां उत्साहित करती है वहीं संसाधन की कमियों की वजह से वन विभाग भी कभी कभी लाचार हो जाता है। जंगल में बाघ की संख्या में हुई वृद्धि से जहां बाघ का दबाव वन्य जीव जैसे तेंदुए आदि पर हुआ है जिससे तेंदुआ जंगल से निकलकर गांव की ओर रुख कर रहे हैं। यही वजह है कि मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। वही वन विभाग के पास पर्याप्त मात्रा में कर्मचारी और संसाधन की व्यवस्था न होना भी इसका एक बड़ा कारण माना जाता है। साथ ही मानव की जंगलों में दखल अंदाजी भी वन्यजीवों के हमले के लिए कारण माना गया है यदि मनुष्य का आवागमन जंगल में कम हो तथा लोगों में वन्यजीवों के प्रति जागरूकता बढ़े तो मानव वन्य जीव संघर्ष में कमी आएगी डीएफओ कतर्नियाघाट अपूर्व दीक्षित ने बताया कि वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए वन विभाग की टीमें लगातार गस्त कर रही हैं लोगों को सतर्क रहने के लिए भी जागरूक किया जाता है।

## स्वतंत्रता दिवस महोत्सव में निकली भव्य प्रभात फेरी और तिरंगा बाइक रैली

**भारत-नेपाल सीमा तक पहुंचा देशभक्ति का कारवां, भारत माता के जयघोष से गूंजा रुपईडीहा**

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। स्वतंत्रता दिवस महोत्सव के क्रम में शुक्रवार को रुपईडीहा में दिनभर देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला। राम जानकी संस्थान के तत्वावधान में आचार्य रमेश चंद्र गर्ल्स इंटर कॉलेज की ओर से भव्य प्रभात फेरी निकाली गई, जबकि शाम को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल शाखा रुपईडीहा की ओर से विशाल मोटरसाइकिल तिरंगा रैली निकाली गई। दोनों आयोजनों में भारत-नेपाल सीमा तक देशभक्ति का संदेश पहुंचाया गया।आचार्य रमेश चंद्र गर्ल्स इंटर कॉलेज से निकली प्रभात फेरी में संस्थान से संबद्ध लॉर्ड बुद्धा कॉलेज ऑफ फामेर्सी के छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृति और परंपराओं को आकर्षक वेशभूषा के माध्यम से प्रस्तुत किया। भगवान श्री राधा-कृष्ण, वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई सहित विभिन्न ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विभूतियों के स्वरूप में सजे छात्र-छात्राओं ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया।देशभक्ति नारों और उत्साह के बीच प्रभात फेरी विभिन्न मार्गों से होते हुए भारत-नेपाल सीमा तक पहुंची और इसके बाद वापस विद्यालय परिसर में आकर संपन्न हुई। इस दौरान राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति, सांस्कृतिक विविधता और स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग का संदेश दिया गया।प्रभात फेरी के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था में एसएसबी रुपईडीहा पोस्ट के निरीक्षक अभिषेक एवं जवानों तथा थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र नाथ मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय परिवार ने पुलिस और एसएसबी जवानों के प्रति आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के प्रधानाचार्य एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख हरिश्चंद्र, चेयरमैन डॉ. यशपाल तथा गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्या आशा सिंह बिष्ट का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिक्षक सीपी त्रिपाठी, सीबी मिश्रा, अतुल पाठक, विवेक सरोज, पुनीत अग्रवाल, पीके मिश्रा, नितेश शर्मा, आरएस विश्वकर्मा सहित लक्ष्मी, रोली, उपासना, कोमल, प्रज्ञा मैडम एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### शाम को निकली भव्य तिरंगा बाइक रैली

स्वतंत्रता दिवस महोत्सव के क्रम में शाम पांच बजे उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल शाखा रुपईडीहा की ओर से भव्य मोटरसाइकिल तिरंगा रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व शाखा अध्यक्ष शैलेश जायसवाल एवं उनकी टीम ने किया। रैली रुपईडीहा रेलवे स्टेशन से शुरू होकर बाजार के विभिन्न मार्गों से होते हुए आईसीपी रोड और चकिया रोड से गुजरकर भारत-नोल सीमा स्थित भारत-नेपाल सीमा मैत्री द्वार पर पहुंची, जहां रैली का समापन हुआ।रैली में सैकड़ों की संख्या में युवा और व्यापारी मोटरसाइकिलों पर तिरंगा लेकर शामिल हुए। इस दौरान भारत माता की जय और 15 अगस्त अमर रहे जैसे देशभक्ति के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। हाथों में लहराते तिरंगे और देशभक्ति के नारों से रुपईडीहा का वातावरण राष्ट्रप्रेम से सराबोर नजर आया।दोनों आयोजनों ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रुपईडीहा में राष्ट्रीय एकता, भाईचारे और देशभक्ति की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। आयोजकों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और देश के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं।

## दुगार्पुर में तीन दिनों से खराब ट्रांसफार्मर, ग्रामीण आक्रोशित

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। दुगार्पुर गांव मे पिछले तीन दिनों से बिजली का ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है भीषण गर्मी और उमस के बावजूद पूरा गांव अंधेरे में रहने कों विवश है। जिससे बिजली विभाग की गंभीर लापरवाही सामने आए हैं। ग्रामीणों में विभाग के रवैया को लेकर भारी आक्रोश है।गांव निवावी सलमान, दिनेश, राजेंद्र साहू, संगम, राजेश यादव, कलामुद्दीन,, नरेंद्र कुमार, अनिल यादव आदि ग्रामीणों नें बताया है कि ट्रांसफार्मर खराब होने के तुरंत बाद ही बिजली विभाग और संबंधित अधिकारियों को अवगत करा दिया गया था। इसके बाद भी कई बार उपखंड, स्थानीय जेई के कार्यालय के चक्कर काटे गए और शिकायतें दर्ज कराई गई इसके बावजूद तीन दिन बीत जाने के बाद भी ट्रांसफार्मर नहीं बदल गया। बिजली न होने के कारण गांव का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया।रातें अंधेरे में कट रही है जिससे कीड़े मकोड़े और जहरीले सांपों का खतरा बना हुआ है बिजली चलित उपकरणो के चार्जिंग के लिए ग्रामीणों को दूर जाना पड़ रहा है। इससे अधिक प्रभावित छात्र-छात्राएं हैं जो मोमबत्ती के सहारे पढ़ाई करने को मजबूर हैं।इस सम्बन्ध मे जेई सहाबा से जब जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो फोन नहीं उठा।

## बीते 5 वर्षों से बन रही पानी टंकी अभी भी आधी अधूरी

**संबंधित जिम्मेदारों की कार्यशैली पर ग्रामीण उठा रहे सवाल**

अमन लेखनी समाचार

आर एन तिवारी



शिवपुर, बहराइच। जनपद बहराइच के विकासखंड शिवपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर धोबियाहार में बीते 5 वर्षों से जल जीवन मिशन के अंतर्गत पानी टंकी का निर्माण शुरू हुआ था। दिन बीते गए 5 वर्ष पूरे हो गए किंतु अभी भी पानी टंकी निमार्णाधीन ही है, जिसमें से ग्राम वासियों को अभी तक पानी नहीं मिल सका है। वहीं ग्राम पंचायत के सभी रास्तों पर पानी के पाइप डालने के लिए सड़कों को बदहाल कर दिया गया। ग्रामीण बरसाती, कैलाश, कमला, बसीर आदि ने संबंधितों को शिकायत कर जल्द ही पानी टंकी पाइप लाइन में पानी दिलाए जाने की मांग किया है। वहीं इस संबंध में खंड विकास अधिकारी शिवपुरी ने बताया कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। इस संबंध में उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।

## ग्राम प्रधान नें हर घर तिरंगा अभियान का किया आगाज

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत शुक्रवार को हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत विकास खंड नवाबगंज के ग्राम पंचायत रहीमनगर में उत्साह और जोश के साथ की। प्रधान अतुल सिंह ने ग्राम पंचायत में इस अभियान की शुरूआत की। हर घर तिरंगा अभियान में भारी संख्या में स्थानीय लोग, छात्र-छात्राएं, स्वयंसेवी संस्थाओं और समाजसेवी शामिल हुए। सभी ने अपने-अपने मकानों पर तिरंगा लगाकर अभियान की शुरूआत की। 'भारत माता की जय, 'वंदे मातरम् और 'जय हिन्द के नारों से पूरे क्षेत्र को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।

## विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस

**एसपी कार्यालय में मौन रखकर शहीदों, पीड़ितों को श्रद्धांजलि**

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर ,विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान, एसपी सौरभ दीक्षित ने भारत विभाजन के पीड़ितों और शहीदों को मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। एसपी के साथ, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मौजूद अन्य अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने भी मौन धारण कर विभाजन के दौरान जान गंवाने वाले नागरिकों और विस्थापित परिवारों के प्रति अपनी श्रद्धा और संवेदना व्यक्त की। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस हर साल 14 अगस्त को मनाया जाता है। यह दिन 1947 में भारत विभाजन के दौरान लाखों लोगों द्वारा झेली गई पीड़ा, विस्थापन और संघर्ष की याद दिलाता है। इसका उद्देश्य पीड़ितों के बलिदान को याद करते हुए समाज में भाईचारा, एकता और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करना है। इस अवसर पर एसपी ने कहा कि विभाजन की त्रासदी हमें सामाजिक एकता, आपसी सौहार्द और मानवता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संदेश देती है। उन्होंने सभी नागरिकों से मतभेदों से ऊपर उठकर शांति, सद्भाव और एकता की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामाजिक सौहार्द, आपसी भाईचारे और राष्ट्र की एकता-अखंडता को मजबूत बनाए रखने का संकल्प लिया।

## अवैध गैस रिफिलिंग का भंडाफोड़, 5 गिरफ्तार

**96 सिलेंडर, रिफिलिंग उपकरण और तौल मशीनें बरामद**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़,अवैध गैस रिफिलिंग और कालाबाजारी का भंडाफोड़ हुआ है। कोतवाली देहात पुलिस और पूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने सकरौली (भाटन का पुरवा) में छापेमारी कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई नायब तहसीलदार सदर/ मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में सतीश मिश्रा के घर पर की गई। पुलिस ने आज 2 बजे खुलासा किया पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की पहचान भोला पाल, सुशील कुमार सरोज, पिंटू पटेल, विवेक पटेल और सतीश मिश्रा के रूप में की है। मौके से दो मैजिक वाहनों से 80 भरे घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए गए। इनमें से एक वाहन में 41 और दूसरे वाहन में 39 सिलेंडर थे।इसके अलावा 12 खाली घरेलू सिलेंडर, तीन भरे व्यावसायिक सिलेंडर और एक भरा कंपोजिट सिलेंडर भी मिला। छापेमारी के दौरान गैस रिफिलिंग में इस्तेमाल होने वाले पांच यंत्र (बांसुरी), 11 सील लगे कैप और पांच इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीनें भी जब्त की गईं। जांच में पाया गया कि कुछ घरेलू सिलेंडरों में निर्धारित 14.2 किलोग्राम गैस की मात्रा से कम गैस थी।पूछताछ में खुलासा हुआ कि गैस डिलीवरी वाहनों के चालक घरेलू सिलेंडरों से गैस निकालकर दूसरे सिलेंडरों में भरते थे और उन्हें खुले बाजार में बेचते थे।

## छत से अचानक गिरा प्लास्टर-पत्थर, बाल-बाल बचे कर्मचारी

**जर्जर भवन में काम करने को मजबूर, अधिकारियों को दी थी सूचना**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़,कुंडा ब्लॉक क्षेत्र के ताजपुर स्थित सरकारी समिति भवन में दोपहर करीब 12 बजे उस समय बड़ा हादसा टल गया, जब भवन की छत से अचानक प्लास्टर और पत्थर का टुकड़ा नीचे आ गिरा। गनीमत रही कि घटना के समय कर्मचारी इसकी चपेट में नहीं आए और सभी बाल-बाल बच गए। छत से मलबा गिरने के बाद समिति कर्मचारियों में दहशत फैल गई।लंबे समय से जर्जर है भवनकर्मचारियों के मुताबिक समिति भवन की हालत लंबे समय से खराब है। छत और भवन के कई हिस्सों में दरारें दिखाई दे रही हैं। जर्जर छत के कारण कर्मचारियों और समिति में आने वाले लोगों की सुरक्षा पर खतरा बना हुआ है। प्लास्टर और पत्थर गिरने की घटना ने इस खतरे को सामने ला दिया। अधिकारियों को दी जा चुकी है जानकारी कर्मचारियों का कहना है कि भवन की जर्जर हालत के बारे में संबंधित अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद अब तक भवन की मरम्मत या सुरक्षा के लिए ठोस कदम नहीं उठाया गया। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि यदि समय रहते भवन की मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।तत्काल निरीक्षण और मरम्मत की मांगघटना के बाद समिति कर्मचारियों ने जिम्मेदार अधिकारियों से भवन का तत्काल निरीक्षण कराने की मांग की है। उनका कहना है कि जर्जर हिस्सों की मरम्मत के साथ छत की स्थिति की भी जांच कराई जाए, ताकि कर्मचारियों और समिति में आने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।सरकारी भवनों के रखरखाव पर सवालछत से प्लास्टर और पत्थर गिरने की घटना ने सरकारी भवनों के रखरखाव पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि किसी बड़े हादसे के बाद कार्रवाई करने के बजाय पहले ही जर्जर भवनों की मरम्मत और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए।


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
जमालुद्दीन राइनी
अध्यक्ष टैक्सी ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन रुपईडीहा


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
मोहम्मद अकरम
कस्टम क्लीयरिंग एजेंट अध्यक्ष रुपईडीहा ट्रक ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन



15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
मतीन अहमद मेकरानी
समाजसेवी नगर पंचायत रुपईडीहा


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
श्रीमती आलिया खातून
प्रधान अध्यापिका प्राथमिक विद्यालय रुपईडीहा


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
मोहम्मद जुबेर फारुकी
पूर्व प्रधान रुपईडीहा जनपद बहराइच
प्रोपराइटर नूर किराना स्टोर


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
श्रीमती शीबा तरन्नुम
प्रधान अध्यापिका
प्राथमिक विद्यालय रुपईडीहा गांव जनपद बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
जगराम वर्मा
पूर्व प्रधान अध्यापक
प्रोपराइटर आदर्श औषधालय रुपईडीहा जनपद बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
डॉ उमाशंकर वैश्य
अध्यक्ष
आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा जनपद बहराइच



15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
हरेंद्र कुमार मिश्रा
प्रभारी निरीक्षक
आदर्श कोतवाली रुपईडीहा जनपद बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
डॉ यशपाल जी (गोपी भय्या)
प्राचार्य
लॉर्ड बुद्धा फामेर्सी कॉलेज रुपईडीहा, बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
डॉ हरिश्चंद्र (बंटू भैया)
पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाबगंज
प्राचार्य
श्री राम जानकी इंटर कॉलेज रूपईडीहा, बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
एडवोकेट मोहम्मद अय्यूब
(बब्बू भाई)
असलम प्रोविजन स्टोर रुपईडीहा, बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
मोहम्मद कौसर
समाजसेवी
पत्रकार: अमन लेखनी
रुपईडीहा जनपद बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
आलोक कुमार वर्मा
खंड विकास अधिकारी
वि0ख0 - शिवपुर
जनपद - बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
डॉ0 दुष्यंत कुमार वर्मा
(एमबीबीएस)
चंद्रकला हॉस्पिटल निकट गन्ना कांटा रामपुर धोबिया हार शिवपुर/बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
उपनिरीक्षक शशि प्रताप सिंह
प्रभारी
पुलिस चौकी वैवाही
थाना खैरीघाट जनपद बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
हरिहर वर्मा (नेता - ए.डी.एस.)
विधायक प्रतिनिधि
विधानसभा नानपारा
जनपद बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
शोभित श्रीवास्तव
प्रबंधक - इंडियन बैंक
शाखा रामपुर धोबिया हार
नानपारा/बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
वीरेंद्र कुमार गुप्ता
(बैंक मित्र)
इंडियन बैंक शाखा
रामपुरधोबिया हार, नानपारा बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
शब्बीर अहमद
नगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी
वकील अहमद
समाजसेवी जड़ी बूटी व्यवसायी
रुपईडीहा, बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
श्याम सिंह वर्मा
पूर्व प्रधान भकला
कैसरगंज जनपद बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
जनता हॉस्पिटल
पता. कुण्डासर रोड सराय जगना वजीर गंज बाजार फखरपुर बहराइच
संस्थापक. डॉ. मो. सलमान
BAMS MD (AM)


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
योगेश यादव
ग्राम पंचायत अधिकारी
कैसरगंज जनपद बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
डॉ. वकील अहमद
(फिजीशियन एंड सर्जन)
डॉ. वकील क्लिनिक वजीरगंज बाजार बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
डॉक्टर कासिम
काश्मी डेण्टल क्लीनिक
हुजूरपुर रोड कैसरगंज, बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
प्रशान्त कुमार नायक
उप ज़िलाधिकारी कैसरगंज जनपद बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
डॉक्टर हामिद खान
लखनऊ हॉस्पिटल कैसरगंज
जनपद बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
कसीम अहमद
समाज सेवी
नगर पंचायत कैसरगंज, बहराइच

# हिंडाल्को अस्पताल के चिकित्सकों ने गंभीर बुजुर्ग मरीज की बचाई जान, कई दिनों तक वेंटिलेटर पर रहा मरीज

अमन लेखनी समाचार



रेणुकूट। नगर स्थित हिंडाल्को अस्पताल के चिकित्सकों ने बेहद गंभीर अवस्था में पहुंचे एक बुजुर्ग मरीज का सफल उपचार कर उसकी जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वाराणसी निवासी एक मंदिर के पुजारी ब्रह्मचारी ज्ञान चैतन्य महाराज गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अपने भक्तों के बुलावे पर वाराणसी से पिपरी स्थित अनंत पद्मावती आश्रम आए थे। इसी दौरान 30 जुलाई की रात अचानक उनकी तबीयत अत्यंत गंभीर हो गई। स्थिति बिगड़ने पर उनके भक्त उन्हें तत्काल हिंडाल्को चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए तत्काल उपचार शुरू किया। हालत नाजुक होने के कारण उन्हें कई दिनों तक वेंटिलेटर पर रखा गया। चिकित्सकों की टीम ने लगातार निगरानी रखते हुए उनका उपचार जारी रखा। अस्पताल में कई दिनों तक चले गहन उपचार और चिकित्सकीय प्रयासों के बाद उनकी हालत में लगातार सुधार हुआ और शुक्रवार को उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। महाराज के शिष्य पंडित वीर विक्रम नारायण पांडे ने चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चिकित्सकों के अथक प्रयास और बेहतर इलाज के कारण ही महाराज को नया जीवन मिला है। उन्होंने कहा कि जिस गंभीर स्थिति में उन्हें अस्पताल लाया गया था, उसमें चिकित्सकों ने पूरी तत्परता और समर्पण के साथ उपचार किया। मरीज के उपचार में डॉ. शशांक शेखर सिंह, डॉ. रमेश लोहानी, डॉ. रजत शर्मा, डॉ. स्वाति, डॉ. नीलम त्रिपाठी, डॉ. सुरभि श्रीवास्तव और अमित पांडे सहित चिकित्सकीय टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को दी स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने 80 वें स्वतंत्रता दिवस के गौरवपूर्ण अवसर पर समस्त जनपदवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। जिलाधिकारी ने कहा है कि स्वतंत्रता दिवस हमें देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानियों एवं अमर बलिदानियों के त्याग, संघर्ष और राष्ट्रप्रेम का स्मरण कराता है। उनका अदम्य साहस और समर्पण सदैव हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। उन्होंने जनपदवासियों से आान किया कि इस पावन अवसर पर हम सभी राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ देश की एकता, अखंडता एवं सामाजिक समरसता को और मजबूत करने का संकल्प लें तथा अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करते हुए विकसित भारत एवं समृद्ध सोनभद्र के निर्माण में अपना योगदान दें। जिलाधिकारी ने कहा, आइए, स्वतंत्रता के इस महापर्व को राष्ट्रप्रेम, गौरव और उत्साह के साथ मनाएं तथा तिरंगे की आन-बान-शान को सदैव सर्वोपरि रखने का संकल्प लें। समस्त जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

# तिरंगा यात्रा राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक : के.डी. जैन

अमन लेखनी समाचार





शक्तिनगर सोनभद्र। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी परिसर शक्तिनगर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम के बैनर तले दिनांक 14 अगस्त 2026 को तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी परिसर के मुख्य द्वार से प्रारंभ होकर एमजीआर बस्ती होते हुए एनटीपीसी शक्ति नायक द्वार पर आकर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा में शामिल बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों एवं स्थानीय नागरिकों ने वंदे मातरम, भारत माता की जय, इंकलाब जिंदाबाद जैसे गगनचुंबी नारों से राहगीरों का ध्यान आकर्षित किया। इसी क्रम में स्वयंसेवकों द्वारा 200 तिरंगा झंडा राजगीरों तथा स्थानीय निवासियों को वितरित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ म एनसीएल खड़िया क्षेत्र के महाप्रबंधक के० डी० जैन के शुभकामना संदेश के साथ हुआ। श्री जैन ने स्वयंसेवकों को तिरंगा यात्रा द्वारा राष्ट्रीय चेतना के संचार में अग्रणी भूमिका निभाने का आान किया। उन्होंने कहा कि यह तिरंगा यात्रा निश्चित रूप से राष्ट्रीय चेतना के विकास में सहायक सिद्ध होगी। इस आयोजन में स्टाफ अधिकारी मानव संसाधन एनसीएल खड़िया मनीष भंडारी ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया और एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा तिरंगा यात्रा द्वारा इसके प्रचार प्रसार के लिए किये जा रहे कदम को सराहनीय बताया। इस अवसर पर सामुदायिक विकास अधिकारी एनसीएल खड़िया अमरेंद्र कुमार ने तिरंगा यात्रा पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए स्वयंसेवकों को सामाजिक दायित्व के निर्वहन के लिए तैयार रहने की प्रतिबद्धता के प्रति ध्यान आकर्षित किया। परिसर प्रभारी डॉ० प्रदीप कुमार यादव ने तिरंगा यात्रा में शामिल छात्र-छात्राओं के प्रति आभार प्रकट किया और उन्हें यथा संभव राष्ट्र सेवा के लिए कार्य करते रहने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ० छोटे लाल प्रसाद द्वारा किया गया। यात्रा में मुख्य रूप से डॉ० प्रभाकर लाल, प्रशांत कुमार विश्वकर्मा, डॉ विनोद कुमार पाण्डेय, रविकांत, अम्बरीष, प्रभा, खुशबू, खुशी, शाहीन, आयशा, अंजना, अंकित, हिमांशु, नीरज, समीर, उज्जवल, राहुल आदि की भूमिका सारणी रही।

खास समाचार

## कुरुक्षेत्र में 15 अगस्त को पूज्य ज्ञानेश्वरदास स्वामी के सान्निध्य में सत्संग

अमन लेखनी समाचार



कुरुक्षेत्र। धर्मनगरी कुरुक्षेत्र स्थित इअढर स्वामिनारायण अक्षरधाम मंदिर में 15 अगस्त, शनिवार को विशेष सत्संग का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में इअढर सारंगपुर मंदिर के मुख्य कार्यकारी संत पूज्य ज्ञानेश्वरदास स्वामी के सान्निध्य में श्रद्धालुओं को सत्संग एवं आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कार्यक्रम के अनुसार सत्संग का आयोजन शाम 6:30 बजे से इअढर स्वामिनारायण अक्षरधाम मंदिर, कुरुक्षेत्र में किया जाएगा। आयोजकों ने सभी हरि भक्तों से अपने परिवार सहित कार्यक्रम में पहुंचकर संत के दर्शन एवं सत्संग का लाभ लेने का आान किया है। इअढर स्वामिनारायण संस्था आध्यात्मिक साधना, सेवा, संस्कार और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने वाली स्वयंसेवी संस्था के रूप में कार्य करती है। आयोजकों के अनुसार संत के सान्निध्य में होने वाला यह सत्संग श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक प्रेरणा एवं शांति का अवसर होगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हरि भक्तों के पहुंचने की संभावना है।

## धनबाद मंडल में निकली गई तिरंगा यात्रा

अमन लेखनी समाचार



धनबाद। स्वतंत्रता दिवस उत्सव-2026 के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र की अध्यक्षता में धनबाद मंडल द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गयो तिरंगा यात्रा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, धनबाद से प्रारंभ होकर हिल कॉलोनी, रेलवे हॉस्पिटल कॉलोनी एवं डीएस कॉलोनी होते हुए धनबाद रेलवे स्टेडियम तक निकाली गई इस अवसर पर मंडल के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण के साथ भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के बच्चे एवं सदस्य उत्साहपूर्वक शामिल हुए तिरंगा यात्रा के दौरान देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया तथा स्वतंत्रता दिवस के प्रति लोगों में उत्साह और गौरव की भावना जागृत की गई

## प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन 14 से 24 अगस्त तक

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2021-2022 में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन करने के लिए विभागीय पोर्टल ँ३३स्त्रः//प्रौश्वीर.४स्त्र.ङ्म५.ल्ल दिनांक 14 अगस्त 2026 से 24 अगस्त 2026 तक खोला जा रहा है। योजनान्तर्गत मध्याकार आर.ए.एस., रियरिंग यूनिट, बैकयार्ड आर.ए.एस., जलाशयों में मत्स्य अंगुलिका संचय तथा पारंपरिक मछुआरों के परिवारों के लिए आजीविका एवं पोषण संबंधी सहायता जैसी परियोजनाओं के लिए पात्र लाभार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। पोर्टल पर उपलब्ध होगी विस्तृत जानकारी योजनान्तर्गत परियोजनाओं का विवरण, इकाई लागत, पात्रता, आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले आवश्यक अभिलेख तथा अन्य विस्तृत जानकारी एवं विज्ञापन विभागीय पोर्टलँ पर उपलब्ध है।

# बड़े पर्दे पर वीरता की गाथा देख भावविभोर हुए बच्चे, गूंजा राष्ट्र प्रथम का भाव

**हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला प्रशासन की प्रेरक पहल—बॉर्डर-2 के जरिए बच्चों ने जाना वीर जवानों का शौर्य, त्याग और समर्पण।**

**स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम एवं तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना हुई और प्रगाढ़।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर हर घर तिरंगा अभियान को राष्ट्रप्रेम की भावना से जोड़ते हुए जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा एक प्रेरणादायी पहल की गई। अटल आवासीय विद्यालय, सर्वोदय बालिका विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के छात्र-छात्राओं को देशभक्ति पर आधारित फिल्म बॉर्डर-2 दिखाई गई। बड़े पर्दे पर देश की सीमाओं की रक्षा में डटे वीर जवानों के साहस, शौर्य, त्याग और मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण को देखकर बच्चे भावविभोर हुए। फिल्म के प्रेरक प्रसंगों ने विद्यार्थियों को सैनिकों के संघर्ष और बलिदान से परिचित कराने के साथ उनके मन में देश एवं तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत किया।

### चेहरों पर उत्साह, दिलों में देशभक्ति

फिल्म के दौरान और उसके बाद बच्चों में देशभक्ति का उत्साह साफ दिखाई दिया। वीर सैनिकों की राष्ट्रनिष्ठा से प्रेरित विद्यार्थियों ने देश की एकता, अखंडता और सम्मान को सदैव सर्वोपरि रखने का संदेश ग्रहण किया। विद्यार्थियों को बताया गया कि देशभक्ति केवल सीमाओं पर राष्ट्र की रक्षा तक सीमित नहीं है। अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन, राष्ट्रीय संपत्ति की रक्षा, तिरंगे का सम्मान, सामाजिक जिम्मेदारियों का पालन और देश की प्रगति में योगदान देना भी सच्ची देशभक्ति है। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित यह पहल बच्चों के लिए केवल फिल्म देखने का अवसर नहीं, बल्कि वीर जवानों के शौर्य को जानने, उनके बलिदान से प्रेरणा लेने और राष्ट्र प्रथम की भावना को आत्मसात करने का प्रेरक अनुभव बनी। वीरों के शौर्य से प्रेरणा, तिरंगे के प्रति सम्मान और मन में राष्ट्र प्रथम का संकल्प—यही इस विशेष पहल का संदेश रहा।

# रेल कर्मचारी इंटर कॉलेज चोपन में नवगठित विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों का हुआ भव्य स्वागत

**विद्यालय की गरिमा को पुनः स्थापित किया जाएगा – अध्यक्ष।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। रेलवे कर्मचारी इंटर कॉलेज चोपन में आज विद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण एवं उत्साहवर्धक अवसर रहा। रेलवे कर्मचारियों एवं रेलवे प्रशासन के सहयोग से गठित नव-विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों का विद्यालय परिवार द्वारा आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया गया। नवगठित विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रंजीत कुमार भारतीय रेलवे में यातायात सेवा के वरिष्ठ अधिकारी हैं। वे वर्तमान में मण्डल यातायात प्रबंधक चोपन के पद पर कार्यरत हैं। विद्यालय समिति के प्रबंधक उमेश कुमार सिंह सहित समिति के अन्य सम्मानित रेलवे अधिकारियों एवं सदस्यों का विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद कुमार सिंह एवं समस्त विद्यालय परिवार द्वारा पुष्पगुच्छ, पुष्पमाला एवं शॉल भेंट कर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। परिचय एवं स्वागत के पश्चात विद्यालय की वर्तमान स्थिति, शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों की संख्या, बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम, अनुशासन, खेलकूद एवं विद्यालय के सर्वांगीण विकास सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। अपने विचारों को रखते हुए समिति के अध्यक्ष रंजीत कुमार ने कहा कि विद्यालय की गरिमा एवं प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए हम सभी कृत संकल्पित हैं। विद्यालय के शिक्षकों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यालय की पहचान केवल भवन एवं सुविधाओं से नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उत्कृष्ट शिक्षक-प्रदर्शन से बनती है। इसके लिए विद्यालय में आवश्यक संरचना और संसाधन मुहैया कराए जाएंगे। मौके पर प्रबंधक उमेश कुमार सिंह ने कहा कि नवगठित प्रबंधन समिति रेलवे कर्मचारी इंटर कॉलेज चोपन को पुनः क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित, अनुशासित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण संस्थान के रूप में स्थापित किया जाएगा।

# विभाजन की विभीषिका का स्मरण कर दी श्रद्धांजलि, एकता-अखंडता और सामाजिक सद्भाव का लिया संकल्प

**मंत्री जी बोले विभाजन की पीड़ा हमें आपसी भाईचारे और राष्ट्रीय एकता को और मजबूत करने की देती है सीख।**

**इतिहास की त्रासदी से सीख लेकर भावी पीढ़ी को शांति, सद्भाव और एकता का संदेश देना हम सभी का दायित्व– मंत्री.**

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र। देश के विभाजन की त्रासदी में अपने प्राण गंवाने वाले तथा विस्थापन की असहनीय पीड़ा झेलने वाले लाखों लोगों के संघर्ष और बलिदान को स्मरण करते हुए आज कलेक्ट्रेट सभागार में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राज्य मंत्री, समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन संजीव कुमार गोंड, उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग जीत सिंह खरवार एवं जिलाधिकारी चर्चित गौड़, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, सहायक पर्यटन अधिकारी राजेश कुमार भारती, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकगण एवं छात्राओं ने दो मिनट का मौन रखकर विभाजन की त्रासदी में जान गंवाने वाले लोगों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मा० राज्य मंत्री संजीव कुमार गोंड ने कहा कि देश का विभाजन भारतीय इतिहास की अत्यंत पीड़ादायक घटनाओं में से एक रहा है।

# तप, साधना और संकल्प की अद्भुत शक्ति: आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि जी महाराज - शान्तनु शुक्ला

अमन लेखनी समाचार



हरिद्वार। आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी जी महाराज के अंतरराष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शांतनु शुक्ल ने कहा कि सनातन परंपरा में साधना केवल पूजा-पाठ की प्रक्रिया नहीं, बल्कि स्वयं को तपाकर लोककल्याण के लिए समर्पित करने की यात्रा है। इसी परंपरा में आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि जी महाराज का व्यक्तित्व श्रद्धा, साधना, अनुशासन और संकल्प का एक प्रभावशाली उदाहरण दिखाई देता है। उनकी साधना में भगवान शिव के प्रति गहरी आस्था के साथ-साथ राष्ट्र और समाज के कल्याण की भावना भी प्रमुख रूप से दिखाई देती है। स्वामी कैलाशानंद गिरि जी महाराज की सबसे बड़ी शक्ति किसी बाहरी प्रदर्शन में नहीं, बल्कि उनके अटूट संकल्प और साधना के अनुशासन में दिखाई देती है। लंबे समय तक एकाग्र होकर साधना करना, कठिन तप का पालन करना और अपनी आध्यात्मिक ऊर्जा को लोककल्याण के संकल्प से जोड़ना—यह साधक के भीतर विकसित होने वाली उस शक्ति का प्रतीक है, जिसे सनातन परंपरा में तपोबल कहा गया है उनकी साधना का केंद्र भगवान भोलेनाथ हैं। शिव भारतीय आध्यात्मिक चेतना में त्याग, करुणा, वैराग्य और कल्याण के प्रतीक माने जाते हैं। नीलकंठ महादेव ने संसार के कल्याण के लिए विष धारण किया—इसी भावना को साधना के माध्यम से समाज तक पहुँचाने का प्रयास भी उनके विचारों में दिखाई देता है। महादेव की साधना का अर्थ केवल अपने लिए शक्ति प्राप्त करना नहीं है। सच्ची साधना वह है, जिसमें साधक अपनी शक्ति को समाज, राष्ट्र और मानवता के कल्याण के लिए समर्पित कर दे। आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि जी महाराज की साधना में मौन, एकाग्रता और अनुशासन का विशेष महत्व दिखाई देता है। आज के भागदौड़ भरे जीवन में जब मनुष्य कुछ क्षण भी स्वयं के साथ नहीं बैठ पाता, ऐसे समय में घंटों की साधना और ध्यान की परंपरा यह संदेश देती है कि वास्तविक शक्ति बाहर नहीं, मनुष्य के भीतर छिपी होती है। उनके व्यक्तित्व की एक विशेषता यह भी है कि वे साधना को केवल व्यक्तिगत आध्यात्मिक उपलब्धि के रूप में नहीं देखते, बल्कि उसे सनातन संस्कृति की चेतना और लोकमंगल से जोड़ते हैं। उनके लिए शिव आराधना श्रद्धा के साथ-साथ सेवा, संयम और समर्पण का भी संदेश है। सच्चे साधक की पहचान उसके चमत्कारों से नहीं, बल्कि उसके चरित्र, संयम और त्याग से होती है। इसी दृष्टि से स्वामी कैलाशानंद गिरि जी महाराज की साधना को देखा जाए तो उनकी सबसे बड़ी शक्ति उनका संकल्प है—ऐसा संकल्प जो कठिन परिस्थितियों में भी साधना से विचलित नहीं होता। जिस साधक का मन महादेव के चरणों में स्थिर हो जाए, संसार की परिस्थितियाँ उसकी साधना को डिगा नहीं सकतीं। उनकी साधना उन असंख्य शिवभक्तों के लिए प्रेरणा बनती है, जो यह समझना चाहते हैं कि आध्यात्मिक जीवन केवल मंदिर तक सीमित नहीं है। साधना का वास्तविक उद्देश्य मन को निर्मल करना, अहंकार को कम करना, जीवन में अनुशासन लाना और दूसरों के कल्याण के लिए स्वयं को समर्पित करना है। महादेव की उपासना में शक्ति भी है और शांति भी। तप में ऊर्जा भी है और त्याग भी।

# नगर पंचायत चोपन द्वारा निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के रंग में रंगा नगर

अमन लेखनी समाचार



चोपन/सोनभद्र। नगर पंचायत चोपन द्वारा नगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में नगर पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए राष्ट्रभक्ति और एकता का संदेश दिया। हाथों में तिरंगा लेकर निकले लोगों में देश के प्रति सम्मान और गौरव की भावना साफ दिखाई दी।तिरंगा यात्रा का नेतृत्व नगर पंचायत चोपन के चेयरमैन उस्मान अली ने किया। उनके साथ अधिशासी अधिकारी अखिलेश सिंह सहित नगर पंचायत के सभासदगण एवं कर्मचारी मौजूद रहे। यात्रा के दौरान नगर का माहौल देशभक्ति से ओत-प्रोत नजर आया। कर्मचारियों ने भी पूरे उत्साह और उमंग के साथ तिरंगा यात्रा में भाग लिया।इस अवसर पर सभासद दिव्यविकास सिंह, राजन जायसवाल, घनश्याम चौधरी, नरेश यादव, नागेंद्र यादव, अनिकेत रावत, अरुण कुमार, विनीत जाटव, अनिल जायसवाल, रामपरीखा विश्वकर्मा, सुशील साहनी, सोनू मोदनवाल, रामनरेश चौधरी, राधारमण पांडेय, जितेंद्र पासवान, अनुज, संतोष वर्मा, जीतू सिंह, पंकज सिंह, निशांत सिंघल, रिजवान अहमद, लिपिक अंकित पांडेय सहित नगर पंचायत के कर्मचारी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। तिरंगा यात्रा के दौरान लोगों ने राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। यात्रा में शामिल लोगों ने उत्साह के साथ सहभागिता की और नगरवासियों को भी देशभक्ति की भावना से जुड़ने का संदेश दिया। नगर पंचायत चोपन की इस तिरंगा यात्रा ने नगरवासियों में देशप्रेम की भावना को और मजबूत करने का कार्य किया। यात्रा के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि तिरंगा केवल राष्ट्रध्वज नहीं, बल्कि देश की आन, बान और शान का प्रतीक है।

# ओडीओपी योजना के तहत प्रशिक्षण एवं टूलकिट के लिए 21 अगस्त को होगा साक्षात्कार

**कालीन के हस्तशिल्पियों, उद्यमियों व कारीगरों का होगा चयन, मूल अभिलेखों के साथ उपस्थित होने के निर्देश**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में कालीन के हस्तशिल्पियों, उद्यमियों एवं कारीगरों को प्रशिक्षण एवं टूलकिट प्रदान करने के लिए लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए 21 अगस्त को पूर्वाह्न 11 बजे जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, सोनभद्र में साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त उद्योग विनोद कुमार चौधरी ने बताया कि योजना के अंतर्गत 01 अप्रैल 2025 के बाद से 19 अगस्त 2026 तक पोर्टल पर प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों के सापेक्ष अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित आवेदकों से निर्धारित तिथि एवं समय पर साक्षात्कार में उपस्थित होने की अपील की है। आवेदकों को अपने साथ आधार कार्ड, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र सहित संबंधित सभी आवश्यक अभिलेख लाने होंगे। सभी दस्तावेज दो प्रतियों—एक मूल तथा दूसरी छायाप्रति में साथ लाना अनिवार्य है। उपायुक्त उद्योग ने आवेदकों से कहा है कि वे आवश्यक अभिलेखों के साथ समय से जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र पहुंचकर चयन प्रक्रिया में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## संक्षेप

### सड़क हादसे में दंपति गंभीर घायल

**तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मारी, हायर सेंटर रेफर किया गया**

बागपत , निवाड़ा चौक के पास बुधवार शाम एक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है। इस दुर्घटना में कार चालक को भी चोटें आई हैं। घायल दंपति की पहचान सोनीपत, हरियाणा निवासी गौरव (23) और उनकी पत्नी रेणु (21) के रूप में हुई है। वे ग्राम दौझा में अपनी रिश्तेदारी से वापस अपने घर लौट रहे थे। यमुना पुल के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। पुलिस कर रही मामले की जांच टक्कर इतनी भीषण थी कि गौरव और रेणु गंभीर रूप से घायल हो गए। कार चालक पुनीत जैन को मामूली चोटें आईं। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल बागपत पहुंचाया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने गौरव और रेणु की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया गया है कि गौरव और रेणु की शादी करीब डेढ़ माह पहले ही हुई थी। कोतवाली प्रभारी मनोज चाहल ने बताया कि घायल पति-पत्नी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। कार चालक का भी उपचार कराया गया है। पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### घर में घुसकर पत्नी-बेटी से मारपीट का आरोप

**गंभीर घायल महिला दिल्ली रेफर, पुलिस जांच में जुटी**

बागपत , कोतवाली क्षेत्र के केतीपुरा मोहल्ला निवासी कादिर ने कुछ लोगों पर घर में घुसकर अपनी पत्नी और बेटी के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। इस हमले में कादिर की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए दिल्ली रेफर किया गया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को तहरीर दी है और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, कादिर ने बताया कि वह अपने घर पर मौजूद था। आरोप है कि इसी दौरान कुछ लोग उसके घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए उसकी पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी। शिकायतकर्ता के अनुसार, आरोपियों ने उसकी पत्नी पर धारदार हथियार से कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। कादिर के मुताबिक, जब उसकी बेटी अपनी मां को बचाने के लिए बीच में आई, तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। आरोप है कि बेटी पर ईंट से हमला किया गया, जिससे उसे भी चोटें आईं। घटना के बाद घर में चीख-पुकार मच गई। पीड़ित ने तत्काल 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने कादिर की पत्नी की गंभीर हालत को देखते हुए उसे दिल्ली के एक अस्पताल में रेफर कर दिया। कादिर ने पुलिस को दी तहरीर में पूरे मामले की जांच कराने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं, कस्बा चौकी प्रभारी शिव कुमार का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# डिप्टी सीएम ने बांधी पगड़ी, हाथों में थामा तिरंगा

**प्रयागराज में भव्य तिरंगा यात्रा, रथ पर सबसे आगे केशव, गूंजे भारत माता के जयकारे**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , स्वतंत्रता दिवस से ठीक पहले बृहस्पतिवार को संगमनगरी देशभक्ति के रंग में रंगी नजर आई। भाजपा की ओर से सिविल लाइंस में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने खुद यात्रा की अगुवाई की। तिरंगे से सजे रथनुमा वाहन में सबसे आगे खड़े होकर उन्होंने हाथ में तिरंगा लहराया। उनके साथ हजारों लोगों का हुजूम भारत माता के जयकारों और देशभक्ति के नारों के साथ आगे बढ़ता रहा। सिविल लाइंस स्थित धरना स्थल से शुरू हुई इस यात्रा में शुरूआत से ही जबरदस्त उत्साह नजर आया। सबसे आगे स्केटिंग करने वाले बच्चों का समूह हाथों में तिरंगा लेकर चला। बच्चों के पीछे भाजपा कार्यकताओं, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और आम शहरवासियों की भीड़ थी। सड़क पर दोनों ओर तिरंगे लहराते नजर आए।

### तिरंगे से सजे रथ पर सबसे आगे रहे डिप्टी सीएम

यात्रा का मुख्य आकर्षण तिरंगे से सजा रथनुमा वाहन रहा। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य इसी वाहन में सबसे आगे खड़े रहे। हाथ में तिरंगा लेकर वह लगातार उसे लहराते रहे। रैली में शामिल लोगों ने भी हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर उनका साथ दिया। जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ी, सिविल लाइंस की सड़कों पर देशभक्ति का माहौल और गहरा होता गया। कार्यकर्ता और आम लोग भारत माता की जय के साथ देशभक्ति के नारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे।

### स्केटिंग करते बच्चों ने खींचा ध्यान

तिरंगा यात्रा की शुरूआत में स्केटिंग करने वाले बच्चों का समूह आकर्षण का केंद्र रहा। हाथों में तिरंगा लेकर स्केटिंग करते हुए बच्चे यात्रा के सबसे आगे चल रहे थे। उनके पीछे हजारों लोगों का हुजूम था। बच्चों की इस प्रस्तुति ने यात्रा में उत्साह और जोश बढ़ा दिया।

### विधायक और भाजपा पदाधिकारी भी रहे शामिल

तिरंगा यात्रा में भाजपा के कई प्रमुख नेता और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। शहर पश्चिमी विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह, फाफामऊ विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, फूलपुर विधायक दीपक पटेल, शहर उत्तरी विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी और महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आम शहरवासी शामिल हुए।

# अधूरे पड़े अमौली कोरियां चौड़ीकृत मार्ग राहगीरों के लिए बना मुसीबत

**6 दिसंबर 2025 को निर्माण कार्य पूर्ण होने की अवधि हो चुकी समाप्त**

अमन लेखनी समाचार / समरजीत सोनकर



अमौली फतेहपुरे जनपद के अमौली विकासखंड कस्बे अंतर्गत मुख्य मार्गों में बरसात के बीच राहगीरों को भारी मुसीबत हो रही हैं स्कूली बच्चों स्कूली वाहन एंबुलेंस समेत बड़ी संख्या में निकलने वाले राहगीरों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है शुक्रवार को दोपहर बरसात के बीच कई गाड़ियां गड्ढे में फंस गई जिससे घंटे भर से अधिक समय तक जाम भी लगा रहा कस्बा मुख्यालय से जनपद की सीमा तक लंबाई लगभग 6 किलोमीटर लागत लगभग 6 करोड़ 50 लाख रुपए इस चौड़ीकृत मार्ग के लिए स्वीकृत हुआ है कार्यदाई संस्था के द्वारा बीते वर्ष चौड़ीकरण का कार्य करने के बाद कुछ जगहों पर थोड़ी-थोड़ी दूर पर पक्का मार्ग बनाया गया है अधूरे पड़े मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे एवं पत्थर पड़े हुए हैं जिससे लोगों को बड़ी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है कार्य पूर्ण होने की समय अवधि के लगभग आठ माह बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य पूरा न होने के चलते लोगों में आक्रोश भी है इसी प्रकार कस्बा मुख्यालय से बरीपाल मार्ग चौड़ीकरण के बाद निर्माण अधूरा पड़ा है यह मार्ग कानपुर नगर सीमा से होते हुए हमीरपुर जनपद को जोड़ता है इसी प्रकार अमौली सठिगवां मुख्य मार्ग कौह पाराधनई होते हुए खजुहा मार्ग में जुड़ने वाला मार्ग भी चौड़ीकरण के बाद अधूरा पड़ा हुआ है मार्ग में पड़े पत्थर एवं गडढे राहगीरों के लिए मुसीबत साबित हो रहे हैं

## दो कारों की आमने-सामने टक्कर

**पुलिस के सामने कार में तोड़फोड़, 2 पक्षों में सड़क पर हुआ हंगामा**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , टैंक चौराहे के पास देर रात तेज रफ्तार दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे के बाद एसयूवी सवार युवकों ने दूसरी कार के चालक से विवाद शुरू कर दिया और मौके पर हंगामा खड़ा हो गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया। राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। घटना सदर बाजार थाना क्षेत्र की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के बाद ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी में ही एसयूवी सवार युवकों ने दूसरी कार में तोड़फोड़ कर दी। हंगामे के चलते टैंक चौराहे के आसपास कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। दोनों कारों में हुई आमने-सामने की टक्कर पुलिस के मुताबिक हादसा एसयूवी-300 और बलेनो कार के बीच हुआ। एसयूवी में सम्राट पैलेस निवासी अंश अपने एक दोस्त के साथ कंकरखेड़ा की ओर जा रहे थे। दूसरी ओर बलेनो कार गंगानगर निवासी निशांत सिंह चला रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दोनों वाहन तेज रफ्तार में थे, जिसके चलते आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद शुरू हुआ विवादहादसे के तुरंत बाद एसयूवी सवार युवक बलेनो चालक से उलझ गए। देखते ही देखते कहासुनी हंगामे में बदल गई। आरोप है कि युवकों ने मौके पर मौजूद पुलिस से भी अभद्र व्यवहार किया और ट्रैफिक पुलिस के सामने ही बलेनो कार में तोड़फोड़ शुरू कर दी। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए, जिससे टैंक चौराहे के आसपास अफरातफरी का माहौल बन गया और सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। क्रेन से हटवाई गईं क्षतिग्रस्त कारेंसूचना मिलने पर रजबन चौकी प्रभारी मानसिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया।

# प्रदेश अध्यक्ष ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बुजुर्गों के साथ मनाया जन्मदिवस

अमन लेखनी समाचार/ निर्मित द्विवेदी



बिंदकी फतेहपुर। जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए लोग तरह-तरह के आयोजन करते हैं, लेकिन उत्तम उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी ने अपना जन्मदिन वृद्धाश्रम मवई में बुजुर्गों के बीच मनाकर इसे सेवा और संवेदना का उत्सव बना दिया। उन्होंने वृद्धजनों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और उनके साथ समय बिताया।कार्यक्रम के दौरान वृद्धाश्रम में सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। कृष्ण कुमार तिवारी ने बुजुर्गों के साथ बैठकर भोजन किया। इसके बाद केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया गया। वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने उन्हें स्वस्थ, सुखी और दीघार्यु जीवन का आशीर्वाद दिया। इस मौके पर कृष्ण कुमार तिवारी ने कहा कि ॖबुजुर्गों का आशीर्वाद ही जन्मदिन का सबसे अनमोल उपहार है।ॖ उन्होंने कहा कि जन्मदिन पर मिलने वाले उपहार भले ही कुछ समय बाद भुला दिए जाएं, लेकिन बुजुर्गों का आशीर्वाद जीवनभर साथ रहता है। उनके लिए इससे बड़ा सौभाग्य कुछ नहीं कि जीवन का विशेष दिन बुजुर्गों के बीच बीते।उन्होंने कहा कि सेवा केवल दान देने तक सीमित नहीं है, बल्कि किसी के सुख-दुःख में सहभागी बनना भी सेवा है। बुजुर्ग समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनके अनुभव तथा आशीर्वाद का सम्मान करना हर संवेदनशील नागरिक का दायित्व है।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उत्तम उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश व्यापारियों के हितों के साथ सामाजिक सरोकारों को भी प्राथमिकता देता है। संगठन का प्रयास है कि समाज के जरूरतमंद और वंचित वर्गों के बीच पहुंचकर उनके जीवन में खुशियों की छोटी-सी किरण पहुंचाई जाए।कार्यक्रम के दौरान बुजुर्गों ने कृष्ण कुमार तिवारी को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद दिया।इस भावुक क्षण ने पूरे आयोजन को आत्मीय बना दिया। उपस्थित लोगों ने कहा कि जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाने की पहल समाज में बुजुर्ग सम्मान, संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रेरक संदेश देती है।कार्यक्रम में श्रवण दीक्षित, प्रेमदत्त उमराव, मनोज साहू, प्रशांत सिंह चौहान, आकाश भदौरिया, संदीप श्रीवास्तव, जय किशन, सोनू शुक्ला, रज्जन साहू, मनीष पांडे, सौरभ गुप्ता, संजय गुप्ता, मातृशक्ति सहित वृद्धाश्रम का समस्त स्टाफ एवं कर्मचारी मौजूद रहे।जहां जन्मदिन की खुशी किसी और के चेहरे की मुस्कान बन जाए, वहीं उत्सव संस्कार बन जाता है और जीवन सार्थक हो जाता है।

## रामचरितमानस के उत्तरकांड से भक्तों को बताया भक्ति का महत्व

**कथा व्यास ने कहा- भजन-भक्ति और निष्ठा की संपत्ति ही असली संपत्ति**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,गढ़ रोड स्थित राधा गोविंद मंडप में सप्त दिवसीय सत्संग का शुभारंभ हुआ। सत्संग में रामचरितमानस के उत्तरकांड की कथा का वाचन किया जा रहा है।कथा व्यास परम पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी श्री अभयानंद सरस्वती जी महाराज ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य यजमान मनोज कुमार और उनके परिवार ने व्यास भगवान का स्वागत एवं पूजन किया। महामंडलेश्वर स्वामी श्री अनंतानंद सरस्वती जी महाराज ने अपने उद्बोधन में सभी के कल्याण और समाज को संस्कारवान बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सत्संग और भक्ति मनुष्य के जीवन में अच्छे संस्कारों का निर्माण करते हैं। कथा की शुरूआत करते हुए व्यास भगवान ने कहा- ॾराम कथा जे सुनत अघाहीं, रस विशेष तिन जाना नाहीं।ॾ उन्होंने समझाया कि रामकथा का रस कभी फीका नहीं पड़ता। जैसे प्रिय व्यक्ति की चर्चा बार-बार सुनने पर भी सुख देती है, उसी तरह प्रभु की कथा का श्रवण हमेशा आनंद देता है। उन्होंने भगवान राम और भरत के प्रसंग के माध्यम से सेवा और स्वामी के प्रति निष्ठा का महत्व बताया। कहा कि सेवक का काम अपने स्वामी की आज्ञा का पालन करना है। भरत जी ने 14 वर्ष तक भगवान राम की चरण पादुका को रखकर राज्य की व्यवस्था संभाली और अपने दायित्व का निर्वहन किया। व्यास भगवान ने कहा कि भगवान कल्पवृक्ष के समान हैं। उनके चरणों में रहकर जो मांगा जाए, वह प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि भजन, भक्ति और निष्ठा की संपत्ति ही मनुष्य के जीवन गोविंद अग्रवाल, आलोक गुप्ता, आरके प्रसाद, सुभाष शर्मा, मयंक अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## हाउस टैक्स बढ़ोतरी के खिलाफ व्यापारियों का धरना

**बोले- बाजार बंद कराएंगे, पूर्व मंत्री ने दी आमरण अनशन की चेतावनी**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , नगर निगम की ओर से हाउस टैक्स में की गई बढ़ोतरी के खिलाफ व्यापारियों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। नवयुग मार्केट में हाउस टैक्स विरोधी संघर्ष समिति का धरना सातवें दिन भी जारी रहा। धरने में व्यापारियों ने कहा- एक सप्ताह से आंदोलन चल रहा है, लेकिन नगर निगम की ओर से अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया है। बैठक में व्यापारियों ने आंदोलन को और बड़ा करने की बात कही। साथ ही जरूरत पड़ने पर शहर के बाजार बंद कराने पर भी चर्चा हुई। धरना स्थल पर पहुंचे पूर्व मंत्री सतीश शर्मा ने व्यापारियों के आंदोलन को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि हाउस टैक्स में अचानक की गई बढ़ोतरी से व्यापारी ही नहीं, आम लोग भी परेशान हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर नगर निगम ने बढ़ा हुआ हाउस टैक्स वापस लेने की दिशा में जल्द फैसला नहीं किया तो वह आमरण अनशन पर बैठेंगे। उन्होंने कहा कि अब सिर्फ आश्वासन से काम नहीं चलेगा। सरकार और नगर निगम को लोगों की परेशानी समझकर तुरंत फैसला लेना चाहिए। अब नवयुग मार्केट से दूसरे बाजारों तक ले जाएंगे आंदोलन व्यापारियों ने कहा कि वे पिछले सात दिनों से शांतिपूर्वक अपनी मांग उठा रहे हैं। अधिकारियों को ज्ञापन दिए गए और बातचीत की कोशिश भी की गई, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला।समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि अगर जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को शहर के दूसरे बाजारों तक ले जाया जाएगा। बाजार बंद कराने के लिए व्यापारियों से संपर्क किया जाएगा और सामूहिक सहमति बनाई जाएगी।यापारियों का कहना है कि लगातार बढ़ते आर्थिक बोझ के खिलाफ अब मजबूती से आवाज उठाना जरूरी हो गया है।बोले- कई संपत्तियों पर 5 से 25 गुना तक बढ़ा टैक्स धरने में व्यापारियों ने आरोप लगाया कि कई संपत्तियों का हाउस टैक्स 5 गुना से लेकर 25 गुना तक बढ़ा दिया गया है। उनका कहना है कि इतनी बड़ी बढ़ोतरी से कारोबार का खर्च बढ़ेगा और आम परिवारों के घरेलू बजट पर भी असर पड़ेगा।व्यापारियों ने मांग की कि हाउस टैक्स की नई गणना किस आधार पर की गई है, यह नगर निगम को साफ करना चाहिए। जिन संपत्तियों में असामान्य बढ़ोतरी हुई है, उनकी दोबारा जांच भी कराई जाए।70% छूट के दावे पर भी सवालबैठक में नगर निगम के उस दावे पर भी सवाल उठाए गए, जिसमें छोटे दुकानदारों को हाउस टैक्स में 70 प्रतिशत तक छूट देने की बात कही गई है।

# भाभी की हत्या करने वाली ननद की रिहाई

**मेरठ के मामले में हाईकोर्ट ने दिए आदेश, कहा गिरफ्तारी की गाइडलाइन फॉलो नहीं की गई**

अमन लेखनी समाचार




मेरठ ,भाभी की हत्या की आरोपी ननद को हाईकोर्ट ने रिहाई के आदेश दिए हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मेरठ के लिसाड़ी गेट थाने में हत्या के आरोप में गिरफ्तार की गई आरोपी महिला की गिरफ्तारी, हिरासत और रिमांड को अवैध करार दिया है। कोर्ट ने सीजेएम मेरठ को महिला को 24 घंटे के भीतर तत्काल रिहा करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति विनय कुमार द्विवेदी की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए पुलिस की कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठाए। कोर्ट ने पाया कि गिरफ्तारी से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों को अदालत के सामने सही तरीके से नहीं रखा गया और सुप्रीम कोर्ट के गिरफ्तारी संबंधी दिशा-निदेशों का भी पालन नहीं हुआ। 12 जुलाई को किया था अरेस्ट आरोपी महिला को अपनी भाभी की हत्या के आरोप में 12 जुलाई 2026 को शाम करीब 4 बजे उसके घर से गिरफ्तार किया गया था। उसे रिमांड मजिस्ट्रेट के सामने दोपहर करीब 1 बजे पेश किया गया। बचाव पक्ष ने सीजेएम मेरठ की अदालत में पुलिस थाने की फुटेज उपलब्ध कराने की मांग की थी। मजिस्ट्रेट ने फुटेज पेश करने का आदेश भी दिया, लेकिन पुलिस ने रिकॉर्डिंग अदालत के सामने पेश नहीं की है। अदालत को नहीं दी गई पूरी जानकारी हाईकोर्ट ने पाया कि पुलिस की ओर से अदालत को पूरी जानकारी नहीं दी गई। कोर्ट ने इसे गंभीरता से लेते हुए कहा कि मामले से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाया गया। पुलिस की ओर से फुटेज उपलब्ध नहीं कराने के लिए कहा गया कि थाने में लगे कैमरे खराब थे और रिकॉर्डिंग नहीं हो रही थी। हालांकि, कोर्ट के सामने पेश जनरल डायरी में कैमरों की मरम्मत के लिए भेजे गए रिमाइंडरों का उल्लेख मिला। हाईकोर्ट ने कहा कि पुलिस ने इन दिशा-निदेशों का पालन नहीं किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को समय पर मजिस्ट्रेट के सामने पेश करना और गिरफ्तारी की पूरी प्रक्रिया को रिकॉर्ड में रखना पुलिस की जिम्मेदारी है। गिरफ्तारी मेमो में भी कई खामियां मिलीं हाईकोर्ट ने महिला के गिरफ्तारी मेमो की भी जांच की। इसमें समय में काट-छांट, गवाहों के हस्ताक्षर नहीं होने और कई कॉलम खाली छोड़े जाने जैसी खामियां सामने आईं। कोर्ट ने कहा कि गिरफ्तारी की प्रक्रिया में निर्धारित कानूनी नियमों का पालन किया जाना जरूरी है। पुलिस इन प्रक्रियाओं को नजरअंदाज नहीं कर सकती। खंडपीठ ने डीके बसु बनाम पश्चिम बंगाल राज्य और परमवीर सिंह सैनी बनाम बलजीत सिंह मामलों में सुप्रीम कोर्ट द्वारा गिरफ्तारी और हिरासत को लेकर तय दिशा-निदेशों का हवाला दिया। गिरफ्तारी, हिरासत और रिमांड तीनों अवैध मामले के सभी तथ्यों और रिकॉर्ड का परीक्षण करने के बाद हाईकोर्ट ने महिला की गिरफ्तारी, हिरासत और रिमांड को अवैध करार दिया। कोर्ट ने सीजेएम मेरठ को निर्देश दिया कि महिला को आदेश प्राप्त होने के 24 घंटे के भीतर रिहा किया जाए।

## जनपद में बिना रजिस्ट्रेशन अवैध अस्पतालों क्लीनिकों की भरमार

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुरे जनपद की जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने जनपद के स्वास्थ्य विभाग में सजकता दिखाते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया था जहां जिलाधिकारी ने संपूर्ण जनपद में चल रहे बिना रजिस्ट्रेशन क्लीनिक अस्पताल या अवैध रूप से मुन्ना भाइयों के कारोबार में रोकथाम लगाने के लिए उच्च अधिकारी को दिशा निर्देश मिला था वहीं जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी समेत विभाग के सभी उच्च अधिकारियों ने जनपद के अनेक क्षेत्र जैसे खागा मलवा औंग भिटौरा हुसैनगंज बिंदकी जहानाबाद तथा अमौली कस्बे में छापेमारी करते हुए कई अवैध क्लिनिक अस्पतालों पर कार्यवाही की तथा कई अस्पताल सीज किए गए वही सप्ताह तथा पखवाड़ा बीतते ही सीज किए गए अस्पतालों के ताले खोलकर अस्पताल संचालक पुनः अपना कारोबार बरकरार करते दिखाई दे रहे हैं यह एक सरकार तथा विभाग के लिए कड़ी चुनौती है इससे साफ जाहिर हो रहा है कि जनपद की जिलाधिकारी का दिशा निर्देश तथा जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी का भय किसी भी अवैध क्लिनिक संचालक या अवैध अस्पताल की प्रबंध समिति को नहीं है वहीं क्षेत्र की जनता ने मीडिया से रूबरू होते हुए दबे स्वर में बताया कि निश्चित रूप से ऐसे जघन्य अपराध को बढ़ावा देने के लिए उच्च अधिकारियों का इन सभी पर रहमों करम होगा देखना यह है कि ऐसे अपराधों पर नियंत्रण विभाग आखिर कब तक लगाएगा

# 4 साल नहीं टिक रही करोड़ों की सड़कें

**2022 से अब तक के सभी टेंडरों की होगी**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , करोड़ों रुपए खर्च करके बनाई और रिसर्फेस की गई सड़कें चार साल भी नहीं टिक रही हैं। अब नोएडा प्राधिकरण ने इसकी जांच कराने का फैसला लिया है। सीईओ कृष्णा करुणेश ने 2022 से अब तक सड़क निर्माण और रिसर्फेसिंग से जुड़े सभी टेंडरों की जांच के निर्देश दिए हैं। जांच में यह देखा जाएगा कि सड़कें तय समय से पहले क्यों टूट गईं, निर्माण में कहीं गड़बड़ी तो नहीं हुई और सड़क बनने के बाद रखरखाव में लापरवाही किस स्तर पर हुई।सीईओ ने साफ कहा है कि अगर जांच में किसी ठेकेदार की गलती सामने आती है तो उसे नोएडा में आगे काम नहीं दिया जाएगा। ऐसे ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। वहीं, अगर किसी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई होगी। टेंडर में 4 साल की गारंटी, फिर जल्दी कैसे टूट गई सड़कें? प्राधिकरण के अधिकारियों के मुताबिक सड़क निर्माण और रिसर्फेसिंग के टेंडर में सड़क की गुणवत्ता और उसके तय अवधि तक टिकने की शर्त होती है। सीईओ ने कहा कि अगर टेंडर की शर्त के मुताबिक सड़क को चार साल तक खराब नहीं होना चाहिए और वह कुछ ही साल में टूट जाती है तो इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए जांच में टेंडर की शर्तों के साथ सड़क में इस्तेमाल हुई सामग्री, निर्माण की गुणवत्ता, सड़क बनने के बाद रखरखाव और भुगतान से जुड़े रिकॉर्ड भी देखे जाएंगे। इससे पता लगाया जाएगा कि गड़बड़ी सड़क बनाते समय हुई या बाद में रखरखाव नहीं होने से सड़क खराब हुई।नोएडा की कई प्रमुख सड़कों की हालत अभी खराब है। स्टेडियम चौक से एडोब तक की सड़क, सेक्टर-39 जिला अस्पताल के आसपास, सेक्टर-5 पानी की टंकी के पास और सेक्टर-62 समेत कई जगह सड़क टूट रही है।

# जीएसटी कंसल्टेंट से 29 लाख की लूट का खुलासा

**स्पेशल 26' फिल्म की तरह रची साजिश, 5 आरोपी गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार





गौतम बुद्ध नगर,ग्रेटर नोएडा की बिसरख थाना पुलिस ने जीएसटी कंसल्टेंट से 29 लाख रुपये की लूट के मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने अक्षय कुमार की फिल्म 'स्पेशल 26' की तर्ज पर जीएसटी अधिकारी और पुलिसकर्मी बनकर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने लूटी गई पूरी रकम और सामान भी बरामद कर लिया है। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शैलेंद्र सिंह ने बताया कि यह घटना 20 जुलाई को हुई थी। बिसरख थाना क्षेत्र के निवासी जीएसटी कंसल्टेंट संदीप को आरोपियों ने अपनी कार से ओवरटेक किया। खुद को जीएसटी अधिकारी बताकर और जीएसटी में गड़बड़ी का आरोप लगाकर, उन्होंने संदीप को अपनी गाड़ी में बिठा लिया। इस दौरान दो आरोपी यूपी पुलिस की वर्दी में भी थे। आरोपियों ने संदीप को कार में लगभग 7 घंटे तक बंधक बनाए रखा। आरोपी संदीप को गाड़ी में बिठाकर यमुना एक्सप्रेसवे से जेवर की तरफ ले गए और लखनऊ ले जाने की बात कही। उन्होंने संदीप से 50 लाख रुपये की मांग की, जिसके बाद 29 लाख रुपये पर सहमति बनी। आरोपी वापस लौटे और पीड़ित के भाई ने उन्हें 29 लाख रुपये सौंप दिए। पीड़ित ने घर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी।


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं ढेर सारी.
शुभकामनाएं
अफजल अहमद
मास्टर इलेक्ट्रॉनिक्स
हुजूरपुर रोड कैसरगंज, बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं ढेर सारी.
शुभकामनाएं
पवन कुमार सिंह
प्रशासक सरदार पटेल इण्टर
कॉलेज कैसरगंज जनपद बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं ढेर सारी.
शुभकामनाएं
डॉक्टर रेहान अहमद
बाल रोग विशेषज्ञ
सिटी हॉस्पिटल कैसरगंज,
बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं ढेर सारी.
शुभकामनाएं
डॉक्टर वासुदेव वर्मा
अधीक्षक
सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र
कैसरगंज, बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं ढेर सारी.
शुभकामनाएं
प्रज्ञा यादव
सब रजिस्ट्रार
कैसरगंज, बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं ढेर सारी.
शुभकामनाएं
डॉ. थानेदार
अधीक्षक
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा
नवाबगंज जनपद बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं ढेर सारी.
शुभकामनाएं
डॉ आनंद कुमार गोंड
भाजपा सांसद
56 लोकसभा बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं ढेर सारी.
शुभकामनाएं
प्रभात कुमार जायसवाल
(प्रधान प्रतिनिधि)
ग्राम पंचायत रामपुर धोबिया हार
शिवपुर बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं ढेर सारी.
शुभकामनाएं
ओम प्रकाश वर्मा
संभावित प्रत्याशी : जिला पंचायत
सदस्य वार्ड नंबर 3
वि. ख. नवाबगंज बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं ढेर सारी.
शुभकामनाएं
राजेश चौधरी
वि. सभा क्षेत्र 283 नानपारा
सदस्य जिला पंचायत (बहराइच)
समाजवादी पार्टी


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं ढेर सारी.
शुभकामनाएं
डॉ महेश विश्वकर्मा अधीक्षक
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र
मिहींपुरवा मोतीपुर बहराइच


अमन लेखनी हिन्दी दैनिक समाचार पत्र की ओर से सभी जनपद वासियों को
आप सभी को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
शोभित शुक्ला
ब्यूरो चीफ फतेहपुर
मो.9695661398
समरजीत सोनकर
सह. ब्यूरो चीफ फतेहपुर
निर्मित द्विवेदी
तहसील प्रभारी बिंदकी


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं ढेर सारी.
शुभकामनाएं
पार्षद राम नरेश रावत
वार्ड सरोजनी नगर सेकेंड
पूर्व कोषाध्यक्ष नगर निगम
कार्यकारिणी लखनऊ


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं ढेर सारी.
शुभकामनाएं
अबू जफर हाशमी
हिन्द कांट्रैक्शन कम्पनी
हुजूरपुर रोड कैसरगंज, बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं ढेर सारी.
शुभकामनाएं
डॉक्टर एन के सिंह
अधीक्षक
सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र फखरपुर,
बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं ढेर सारी.
शुभकामनाएं
राजकुमार पांडेय
थाना प्रभारी कोतवाली कैसरगंज,
बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं ढेर सारी.
शुभकामनाएं
राजकिशोर दीक्षित
राजकीय ठेकेदार/समाज सेवी
उपाध्यक्ष : ब्राह्मण समाज,
पता मिहींपुरवा जनपद बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं ढेर सारी.
शुभकामनाएं
श्रीमती ललिता हरेन्द्र पासवान
सपा नेत्री
विधानसभा प्रत्याशी 282 बलहा
बहराइच, समाजवादी पार्टी


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं ढेर सारी.
शुभकामनाएं
मो. शेरू
प्रधान प्रतिनिधि – ग्राम पंचायत
जमुनहा बाबागंज
विकास खंड – नवाबगंज बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं ढेर सारी.
शुभकामनाएं
अतुल कुमार सिंह 'आकाश'
प्रधान – ग्राम पंचायत रहीम नगर
विकास खंड – नवाबगंज


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं ढेर सारी.
शुभकामनाएं
दिलीप कुमार सिंह
प्रधान प्रतिनिधि – ग्राम पंचायत कलवारी
विकास खंड – नवाबगंज
जनपद बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं ढेर सारी.
शुभकामनाएं
दिग्विजय सिंह राणा
समाजसेवी
पता : सिविल लाइंस रायपुर राजा
बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं ढेर सारी.
शुभकामनाएं
मोहम्मद अकदस भाई
ग्राम पंचायत सचिव
विकासखंड शिवपुर जनपद बहराइच


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं ढेर सारी.
शुभकामनाएं
डॉ. रणजीत सिंह जिलाध्यक्ष
भीम आर्मी झांसी
प्रबंधक – सनराइज मॉडर्न पब्लिक
स्कूल गरौठा
प्रतिष्ठान – सुरभि बीज भंडार गरौठा


श्रीमती सरोज सोनकर
विधायक 282 बलहा जनपद
बहराइच
15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं ढेर सारी.
शुभकामनाएं
आलोक जिंदल
विधायक प्रतिनिधि व जिला मंत्री


15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं ढेर सारी.
शुभकामनाएं
राम तिलक वर्मा
खंड शिक्षा अधिकारी शिवपुर
बहराइच


श्रीमती रमा
ग्राम प्रधान दुरखुरु
ब्लॉक – बामौर (झांसी)
15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं ढेर सारी.
शुभकामनाएं
श्री राजेंद्र अहिरवार
प्रधान प्रतिनिधि